**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

# विजडम इंडिया

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com
लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 15 अंक: 254 लखनऊ, बुधवार 07 मई 2026 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## भारत-वियतनाम के बीच 13 बड़े समझौते हुए, दक्षिण चीन सी में अब नहीं चल पाएगी चीन की दादागिरी,

एजेंसी।

दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि वियतनाम भारत की एक्ट ईस्ट नीति और विजन महासागर का प्रमुख स्तंभ है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का इंडो पैसिफिक क्षेत्र को लेकर साझा दृष्टिकोण है और वे कानून आधारित व्यवस्था, शांति, स्थिरता तथा क्षेत्रीय समृद्धि के लिए मिलकर कार्य करते रहेंगे। भारत और वियतनाम ने अपने संबंधों को नई ऊंचाई देते हुए उन्हें "एन्हांस्ड कंप्रिहेंसिव स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप" के स्तर तक पहुंचाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम के बीच नई दिल्ली में हुई वार्ता के बाद दोनों देशों ने रक्षा, आर्थिक सहयोग, डिजिटल भुगतान, संस्कृति, प्रौद्योगिकी और सामरिक साझेदारी को और गहरा करने पर सहमति बनाई। यह यात्रा राष्ट्रपति तो लाम की पद संभालने के बाद पहली राजकीय भारत यात्रा थी, जिसने दोनों देशों के रिश्तों को नया रणनीतिक आयाम दे दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि वियतनाम भारत की एक्ट ईस्ट नीति और विजन महासागर का प्रमुख स्तंभ है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का इंडो पैसिफिक क्षेत्र को लेकर साझा दृष्टिकोण है और वे कानून आधारित व्यवस्था, शांति, स्थिरता तथा क्षेत्रीय समृद्धि के लिए मिलकर कार्य करते रहेंगे। यह बयान ऐसे समय आया है जब दक्षिण चीन सागर और व्यापक इंडो पैसिफिक क्षेत्र में सामरिक प्रतिस्पर्धा लगातार तेज हो रही है। माना जा रहा है कि वार्ता के दौरान चीन की बढ़ती सैन्य सक्रियता और समुद्री विस्तारवाद पर भी गंभीर चर्चा हुई। हम आपको बता



दें कि भारत और वियतनाम के बीच रक्षा सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है। पिछले वर्ष दोनों देशों ने पनडुब्बी खोज, बचाव और सहायता तंत्र विकसित करने का समझौता किया था। इसके साथ ही रक्षा उद्योग सहयोग को बढ़ाने के लिए भी सहमति बनी थी। अब नई रणनीतिक साझेदारी के तहत रक्षा, समुद्री सुरक्षा और सैन्य प्रशिक्षण के क्षेत्रों में सहयोग और व्यापक होगा। इसका सामरिक महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि वियतनाम दक्षिण चीन सागर में चीन के दबाव का सामना कर रहा है, जबकि भारत हिंद महासागर और इंडो पैसिफिक में संतुलित शक्ति व्यवस्था बनाए रखने की नीति पर आगे बढ़ रहा है। ऐसे में दोनों देशों का सहयोग क्षेत्रीय शक्ति संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आर्थिक मोर्चे पर भी दोनों देशों ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। पिछले एक दशक में भारत और वियतनाम के बीच द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होकर 16 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। अब इसे वर्ष 2030 तक 25 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य तय किया गया है। दोनों देशों ने दवाओं, कृषि उत्पादों, मत्स्य और पशु उत्पादों के व्यापार को आसान बनाने के लिए कई समझौते किए। भारत के अंगूर और अनार अब वियतनाम भेजे जाएंगे, जबकि वियतनाम का डूरियन और पोमेलो भारत पहुंचेगा। डिजिटल और वित्तीय संपर्क बढ़ाने की दिशा में भी बड़ा कदम उठाया गया। भारत की यूपीआई प्रणाली को वियतनाम की त्वरित भुगतान प्रणाली से जोड़ने पर सहमति बनी है। इसके लिए भारतीय रिजर्व बैंक और वियतनाम के केंद्रीय बैंक के बीच समझौता हुआ। इससे दोनों देशों के व्यापारियों, पर्यटकों और निवेशकों को सीमा पार भुगतान में बड़ी सुविधा मिलेगी। यह पहल भारत की डिजिटल भुगतान क्षमता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तार देने के साथ ही दक्षिण पूर्व एशिया में उसकी तकनीकी उपस्थिति को भी मजबूत करेगी। हम आपको बता दें कि दोनों देशों के बीच कुल 13 महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। इनमें दुर्लभ खनिज तत्वों और नई प्रौद्योगिकी में सहयोग, डिजिटल तकनीक, पर्यटन, औषधि नियमन, शिक्षा, सांस्कृतिक आदान प्रदान और शहरी प्रबंधन जैसे क्षेत्र शामिल हैं। विशेष रूप से दुर्लभ खनिज तत्वों पर सहयोग का समझौता सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आज के दौर में दुर्लभ खनिज सेमीकंडक्टर, रक्षा उपकरण, बैटरी और उच्च तकनीकी उद्योगों की रीढ़ बन चुके हैं। चीन इन संसाधनों पर लंबे समय से प्रभाव रखता है। ऐसे में भारत और वियतनाम का यह सहयोग आपूर्ति शृंखला को सुरक्षित और विविध बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।साथ ही सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों को भी नई गति देने पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वियतनाम में भारतीय बौद्ध अवशेषों के दर्शन डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों ने किए। भारत वियतनाम की प्राचीन चम्पा सभ्यता से जुड़े मी सोन और न्हान टवर मंदिरों के संरक्षण में सहयोग कर रहा है। अब चम्पा सभ्यता की पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण का भी निर्णय लिया गया है ताकि इस साझा विरासत को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखा जा सके। विशेषज्ञों के अनुसार भारत और वियतनाम की यह नई रणनीतिक साझेदारी केवल द्विपक्षीय संबंधों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका व्यापक क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व भी है। इंडो पैसिफिक में बढ़ती भू राजनीतिक प्रतिस्पर्धा, आपूर्ति शृंखला सुरक्षा, डिजिटल अर्थव्यवस्था और समुद्री सुरक्षा जैसे मुद्दों के बीच यह साझेदारी दोनों देशों को नई सामरिक मजबूती देगी।

## सीएम की शपथ पर ग्रहण! टीवीके के दावों से गवर्नर संतुष्ट नहीं, विजय की राह में रोड़ा बना बहुमत का आंकड़ा

एजेंसी।

तमिलनाडु में टीवीके प्रमुख विजय का मुख्यमंत्री पद का शपथ ग्रहण टल सकता है, क्योंकि बहुमत का आंकड़ा अभी भी दूर है। कांग्रेस के समर्थन के बावजूद, टीवीके बहुमत के लिए आवश्यक संख्या नहीं जुटा पाई है, और राज्यपाल पेश किए गए आंकड़ों से संतुष्ट नहीं हैं। सूत्रों ने बुधवार को संकेत दिया कि तमिलगा वेट्ट्री कजगम (टीवीके) के प्रमुख विजय के कल मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने की संभावना कम है क्योंकि वह तमिलनाडु विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि टीवीके के पास फिलहाल कोई आधिकारिक आंकड़े नहीं हैं और राज्यपाल अभी तक पार्टी द्वारा बताए गए आंकड़ों से संतुष्ट नहीं हैं। टीवीके ने 234 सदस्यीय विधानसभा में 108 सीटें जीतीं, जो बहुमत के लिए आवश्यक



सीटों से दस कम हैं। विजय को विधानसभा चुनाव में जीती गई दो सीटों में से एक सीट छोड़नी होगी, जिससे टीवीके की प्रभावी संख्या घटकर 107 रह जाएगी।तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में पहली बार सत्ता में आने के बाद सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी टीवीके को पांच कांग्रेस विधायकों का समर्थन प्राप्त है। डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन के हिस्से के रूप में चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस ने अब टीवीके को समर्थन देने का फैसला किया है। बुधवार को विजय ने सरकार बनाने के प्रयासों के तहत लोक भवन में तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर से मुलाकात की।अभिनेता से राजनेता बने विजय ने तिरुचिरापल्ली पूर्व और पेरम्बूर दोनों निर्वाचन क्षेत्रों से जीत हासिल की, जिससे सिनेमा जगत से परे उनकी लोकप्रियता का पता चलता है। इससे पहले दिन में, राज्यपाल ने एएनआई को बताया कि टीवीके द्वारा सरकार गठन का दावा पेश करने वाले औपचारिक पत्र की प्राप्ति के बाद वे विजय से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे टीवीके से एक पत्र मिला है। वे आज शाम मुझसे मिलेंगे। उन्होंने कहा है कि उनके पास बहुमत है और उन्हें सरकार गठन के लिए बुलाया जाना चाहिए। अब एक नई सरकार बनेगी। इससे पहले, तमिलनाडु कांग्रेस अध्यक्ष के. सेल्वपेरुंथगई और राज्य प्रभारी गिरीश चोडंकर ने चेन्नई में टीवीके मुख्यालय में विजय से मुलाकात कर अगली सरकार के गठन में पार्टी को अपना समर्थन देने की पुष्टि की। मुलाकात के बाद, सेल्वपेरुंथगई ने पत्रकारों से कहा कि हमने (टीवीके को) अपना समर्थन पत्र दे दिया है। यह पार्टी उच्च कमान का निर्णय है। मुझे नहीं पता कि शपथ ग्रहण समारोह कब है। वे (टीवीके प्रमुख विजय) राज्यपाल से मिलेंगे।

## एक प्रसाद पर सियासी बवाल! अखिलेश यादव को भंडारा खिलाने पर कर्मचारी का हुआ पदावनत

संवाददाता।

लखनऊ सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने छावनी बोर्ड के एक कर्मचारी के पदावनयन को भाजपा की साजिश बताया, जिसका कारण आंबेडकर जयंती पर उन्हें प्रसाद देना था। हालांकि, अधिकारियों ने इस कार्रवाई को सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन बताया है, जिससे यह मामला राजनीतिक विवाद में बदल गया है। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पिछले महीने आंबेडकर जयंती पर हुए एक भंडारे में उन्हें प्रसाद देने वाले एक कर्मचारी को पदावनत कर सफाई कर्मी बनाये जाने को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर की गयी कार्रवाई करार देते हुए इस कदम की निंदा की। यहां सपा मुख्यालय में अखिलेश यादव की प्रेस वार्ता के दौरान आई अंजलि मैसी नाम की महिला ने दावा किया कि उसके पिता उमेश कुमार छावनी बोर्ड में सुपरवाइजर थे और उन्होंने पिछले महीने 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती पर एक भंडारे के दौरान सपा प्रमुख को प्रसाद दिया था।अंजलि ने आरोप लगाया कि इसके बाद उसके पिता को पदावनत कर सुपरवाइजर से सफाई कर्मी के पद पर तैनात कर दिया गया। यादव ने प्रेस वार्ता के दौरान इस बारे में पूछे जाने पर कहा कि कर्मचारी के खिलाफ की गयी यह कार्रवाई 'दुर्भाग्यपूर्ण' है। उन्होंने कहा कि वह गुरुद्वारे गए थे और एक 'भंडारे' में शामिल हुए लेकिन उससे पहले वह उस महिला को नहीं जानते थे। यादव ने आरोप लगाया कि कर्मचारी को पदावनत करने की कार्रवाई भाजपा के लोगों के इशारे पर की गयी है।

## हर जरूरतमंद का बनवाएं आयुष्मान कार्ड - मुख्यमंत्री

### लगातार दूसरे दिन जनता दर्शन में 200 लोगों की समस्याएं सुनीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने'

### मुख्यमंत्री ने लोगों को दिया भरोसा, हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है सरकार

संवाददाता।

लखनऊ। गोरखपुर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन, बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों से उन्होंने आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा और आश्वस्त किया कि सरकार इलाज कराने में भरपूर मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर जरूरतमंद, पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े।बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में, महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी करीब 200 लोगों से मिले। उनके पास जाकर उनकी समस्याएं सुनीं।




उनके प्रार्थना पत्र अपने हाथ में लेकर उसका अवलोकन कर समस्या, शिकायत का संज्ञान लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि वे परेशान न हों, सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है। उन्होंने अलग–अलग मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित और हस्तगत किया। साथ ही निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिप्रद होना चाहिए।जनता दर्शन में हर बार की तरह बुधवार को भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उनसे आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा, साथ ही भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल का इस्टीमेट मिलते ही विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध करा दी जाएगी। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं के साथ उनके बच्चे भी आए थे। मुख्यमंत्री ने बच्चों को प्यार और आशीर्वाद के साथ चॉकलेट दिया।

## भाजपा का 'दस नम्बरी माडल' लोकतंत्र के लिए खतरा- अखिलेश यादव

संवाददाता।

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उसका "दस नम्बरी मॉडल" लोकतंत्र को जकड़ने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा वोट की लूट कर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर रही है और इसके लिए एक "डेमोक्रेटिक क्राइम गैंग" सक्रिय है, जिसमें कुछ अधिकारी, धन्ना सेठ और ठेकेदार शामिल हैं।समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के दौरान जो हालात बने, उसी तरह की परिस्थितियां वर्ष 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी देखने को मिली थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर पोलिंग बूथों से एजेंटों को बाहर कर दिया गया और मतदाताओं को डराकर वोट देने से रोका गया।अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा "मतगणना नहीं, मनगणना" कराती है और पहले से तय कर लिया जाता है कि किसे जिताना है। उन्होंने मांग की कि सुप्रीम कोर्ट पश्चिम बंगाल में मतगणना के दौरान हुई कथित गड़बड़ियों का संज्ञान ले और मतगणना प्रक्रिया के सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक किए जाएं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब अदालत की कार्यवाही लाइव हो सकती है, तो मतगणना प्रक्रिया भी लाइव क्यों नहीं हो सकती। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा मल्टीलेयर भ्रष्टाचार के जरिए वोटों की डकैती कर रही है। वर्ष 2022 के चुनाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हजारों मतदाताओं के वोट काटे गए थे, जिसकी शिकायत चुनाव आयोग से की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। छिबरामऊ, तिर्वा और शाहगंज विधानसभा क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए उन्होंने दावा किया कि जितने वोटों से समाजवादी पार्टी हारी, उससे अधिक वोट पहले ही काट दिए गए थे।उपचुनावों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि रामपुर, कुन्दरकी, मिल्कीपुर और कटेहरी




सीटों पर भाजपा की वोट चोरी के उदाहरण सामने आए हैं। मिल्कीपुर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अयोध्या लोकसभा चुनाव में हार के बाद भाजपा ने वहां अन्यायपूर्ण कार्रवाई की और निर्दोष लोगों को परेशान किया।अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के कुछ "अनरजिस्टर्ड सहयोगी" भी बूथ स्तर पर सक्रिय रहते हैं और खुफियागीरी करते हैं, जिनके तार विदेशों तक जुड़े होने का आरोप भी उन्होंने लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा लोगों की मजबूरी का फायदा उठाकर काम कराती है, लेकिन पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) समाज अब जागरूक हो रहा है और एकजुट होकर मुकाबला करेगा।उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में इंडिया गठबंधन ने भाजपा को हराया और 2027 के चुनाव में भी पीडीए एकजुट होकर भाजपा को सत्ता से बाहर करेगा। समाजवादी पार्टी संगठन के साथ मिलकर व्यापक स्तर पर संघर्ष करेगी।एक प्रश्न के उत्तर मेंअखिलेश यादव ने भाजपा को "ड्राई क्लीन की दुकान" बताते हुए आरोप लगाया कि वह अपने फायदे के लिए

संस्थाओं का दुरुपयोग करती है और सीबीआई व प्रवर्तन निदेशालय जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल करती है।

## बंगाल के लिए सड़क पर क्यों नाचा ब्रिटिश नेता, सच जानकर रह जाएंगे हैरान!

एजेंसी।

बंगाल इंग्लैंड में लगे इस पोस्टर ने बता दिया है कि ब्रिटेन को अब इस्लामिक देश बनने से कोई नहीं रोक सकता। दरअसल एक ब्रिटिश नेता बॉब ब्लैकमैन ब्रिटेन में रहने वाले हिंदुओं के साथ बंगाल में बीजेपी की जीत का जश्न मनाते दिखे। पश्चिम बंगाल के नतीजे आते ही बॉब ब्लैकमैन ब्रिटेन में रहने वाले हिंदुओं के साथ नाचने लगे। ब्रिटिश सांसद बॉब ब्लैकमैन ने खुशी जताई कि बंगाल में बीजेपी आ गई है।पश्चिम बंगाल में बीजेपी की प्रचंड जीत के बाद एक ब्रिटिश नेता ब्रिटेन की सड़कों पर खड़े होकर नाचने लगे। इस तस्वीर ने ब्रिटेन में हलचल मचा दी है। पश्चिम बंगाल में हिंदुओं को जश्न मनाता देख पाकिस्तान और बांग्लादेश छाती पीट कर रो रहे हैं। विदेशी मीडिया भी यह नहीं पचा पा रही कि बीजेपी बंगाल में कैसे जीत सकती है। कैसे पीएम मोदी और ताकतवर हो सकते हैं। बंगाल तो बांग्लादेश बनने से बाल–बाल बच गया, लेकिन इंग्लैंड में लगे इस पोस्टर ने बता दिया है कि ब्रिटेन को अब इस्लामिक देश बनने से कोई नहीं रोक सकता। दरअसल एक ब्रिटिश नेता बॉब ब्लैकमैन ब्रिटेन में रहने वाले हिंदुओं के साथ बंगाल में बीजेपी की जीत का जश्न मनाते दिखे। पश्चिम बंगाल के नतीजे आते ही बॉब ब्लैकमैन ब्रिटेन में रहने वाले हिंदुओं के साथ नाचने लगे। ब्रिटिश सांसद बॉब ब्लैकमैन ने खुशी जताई कि बंगाल में बीजेपी आ गई है। आपको बता दें कि बॉब ब्लैकमैन लगातार ब्रिटेन में रहने वाले हिंदुओं के अधिकारों की बात करते आए हैं। बॉब ब्लैकमैन ने बांग्लादेश में मारे जा रहे हिंदुओं की भी आवाज उठाई थी। लेकिन जिस वक्त बॉब ब्लैकमैन हिंदुओं के साथ नाच रहे थे, ठीक उसी वक्त इंग्लैंड की सड़कों पर कुछ पोस्टर लगे दिखे। बंगाल के चुनावों में तो सनातन की जीत हो गई। लेकिन इंग्लैंड देखिए किस तरफ जा रहा है। 7 मई को लंदन में 5000 से ज्यादा काउंसिल सीटों पर वोटिंग होनी है। यह लंदन में लोकल बॉडी के इलेक्शंस हैं। ब्रिटेन में कट्टर इस्लाम और पाकिस्तानियों के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे टॉमी रॉबिंसन ने एक तस्वीर डालते हुए लिखा कि मॉडर्न इंग्लैंड में ऐसे चुनाव हो रहे हैं। दरअसल टॉमी रॉबिनसन दिखा रहे हैं कि लोकल बॉडी के चुनावों में पाकिस्तान और दूसरे देशों से आए मुस्लिम कैंडिडेट हावी हो



चुके हैं। चुनाव लंदन में है लेकिन लड़ने वाले ज्यादातर शायद पाकिस्तानी मुस्लिम है। कई इलाकों में तो आमने–सामने मुस्लिम कैंडिडेट्स ही हैं। यानी कोई भी जीते लेकिन उस इलाके को मिलेगा मुस्लिम कैंडिडेट ही।

# आधुनिक युद्ध में कीबोर्ड भी बना हथियार, तकनीक और साहस का संतुलन जरूरी- योगी आदित्यनाथ

प्रयागराज,लखनऊ(आरएनएस )। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्तमान समय में युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और अब लड़ाई केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि साइबर, स्पेस, डेटा नेटवर्क और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम तक फैल चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आधुनिक युद्ध में पारंपरिक हथियारों के साथ–साथ तकनीकी दक्षता, रणनीतिक सोच और मानसिक दृढ़ता भी उतनी ही आवश्यक हो गई है। आज के दौर में कीबोर्ड, सैटेलाइट और डेटा भी उतने ही प्रभावी हथियार बन चुके हैं, जितने पारंपरिक सैन्य उपकरण।मुख्यमंत्री प्रयागराज में "रक्षा त्रिवेणी संगम" थीम पर आयोजित नॉर्थ टेक सिम्पोजियम 2026 के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सियाचिन की बर्फीली चोटियों से लेकर रेगिस्तान की तपती रेत, घने जंगलों के अंधकार और समुद्र–आकाश की अनंत चुनौतियों के बीच भारतीय सैनिक हर परिस्थिति में मुस्तैद रहते हैं, जिनकी वजह से देश सुरक्षित है। अब युद्ध मल्टी–डोमेन ऑपरेशंस के युग में प्रवेश कर चुका है, जहां साइबर और स्पेस जैसे क्षेत्र भी निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं।उन्होंने कहा कि दुश्मन के पावर ग्रिड, राडार, जीपीएस, बैंकिंग और संचार नेटवर्क को बाधित करना तथा अपने सिस्टम को सुरक्षित और अभेद्य बनाए रखना आधुनिक सुरक्षा रणनीति का अहम हिस्सा बन गया है। सैटेलाइट्स अब युद्ध की आंख और दिमाग की तरह कार्य कर रहे हैं और डेटा के माध्यम से भी लड़ाई लड़ी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भरता की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि कुछ वर्षों पहले भारत का रक्षा निर्यात लगभग 600 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 38 हजार से 50 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि भारत अब मित्र देशों को रक्षा उत्पाद उपलब्ध करा रहा है और इस दिशा में उत्तर प्रदेश भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य में विकसित हो रहा उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर देश की सैन्य क्षमता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।उन्होंने बताया कि इस कॉरिडोर के छह प्रमुख नोड्सकृलखनऊ, कानपुर, झांसी, आगरा, अलीगढ़ और चित्रकूटकृपर तेजी से कार्य हो रहा है और 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर रहे हैं। अलीगढ़ छोटे हथियारों के निर्माण का प्रमुख केंद्र बन रहा है, जबकि कानपुर गोला–बारूद, मिसाइल और डिफेंस टेक्सटाइल का हब बन रहा है। लखनऊ और झांसी में ब्रह्मोस मिसाइल और भारी रक्षा उत्पादन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, वहीं चित्रकूट और आगरा में एयरोस्पेस और प्रिसिजन इंजीनियरिंग के क्षेत्र में विकास जारी है।मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी डिफेंस कॉरिडोर के तहत तोप के गोले, स्वदेशी ड्रोन, बुलेटप्रूफ जैकेट और उन्नत संचार प्रणालियों का निर्माण किया जा रहा है। प्रदेश में 56 प्रतिशत युवा वर्कफोर्स और 96 लाख एमएसएमई इकाइयों के साथ मजबूत औद्योगिक आधार मौजूद है। सरकार स्किल, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी के माध्यम से इंडस्ट्री–रेडी वर्कफोर्स तैयार कर रही है। इसी क्रम में आईआईटी कानपुर के सहयोग से ड्रोन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित किया गया है।उन्होंने भारतीय परंपरा "आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः" का उल्लेख करते हुए कहा कि ज्ञान जहां से भी मिले, उसे स्वीकार करना हमारी संस्कृति का हिस्सा है। इस सिम्पोजियम को उन्होंने ज्ञान, अनुभव और नवाचार के आदान–प्रदान का महत्वपूर्ण मंच बताया।मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश में 21 हजार से अधिक स्टार्टअप स्थापित हुए हैं, जो एआई, रोबोटिक्स, ड्रोन, सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रिक व्हीकल जैसे क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। कानून–व्यवस्था के मोर्चे पर जीरो टॉलरेंस नीति ने प्रदेश को नई पहचान दी है और आज यूपी निवेश के लिए एक भरोसेमंद गंतव्य बन चुका है।उन्होंने कहा कि भारत "वसुधैव कुटुम्बकम्" की भावना में विश्वास करता है, लेकिन अपनी उदारता की रक्षा के लिए सामरिक शक्ति का होना भी जरूरी है। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की पंक्तियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि शांति और क्षमा की भाषा वही प्रभावी ढंग से बोल सकता है, जिसके पास पर्याप्त शक्ति हो। भारत अपनी शक्ति इसलिए बढ़ा रहा है ताकि उसकी उदारता को कोई कमजोरी न समझे।

# बारात में घुसी बेकाबू बोलेरो, दो की मौत, आठ घायल

## द्वारचार के दौरान हुआ हादसा

प्रयागराज। फूलपुर थाना क्षेत्र के बौड़ई कटौता गांव में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक हादसे ने शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया। द्वारचार की रस्म के दौरान तेज रफ्तार और अनियंत्रित बोलेरो कार बारातियों के बीच घुस गई, जिससे मौके पर अफरा–तफरी मच गई। हादसे में रमेश (32) पुत्र हरिहर निवासी बौड़ई थाना फूलपुर और दीपांशू (12) निवासी खागा फतेहपुर की मौत हो गई। जबकि करीब आठ लोग घायल हो गए। घायलों में कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतक रमेश लड़की पक्ष की तरफ से था जबकि दिपांशू डीजे के साथ आया था।प्राप्त जानकारी के अनुसार फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के बौड़ई गांव निवासी शुकरू चौहान की दो बेटियों की शादी कानपुर देहात के उस्मानपुर जमराही निवासी पप्पू के पुत्र राहुल और दीपक के साथ तय थी। मंगलवार रात करीब 12 बजे बारात गांव पहुंची। स्वागत और नाश्ते के बाद बराती डीजे के साथ लड़की पक्ष के दरवाजे पहुंचे, जहां पारंपरिक द्वारचार की रस्म चल रही थी।रात करीब 2 बजे अधिकतर बाराती सड़क किनारे खड़े होकर कार्यक्रम देख रहे थे और डीजे भी वहीं लगा हुआ था। तभी प्रतापपुर–फूलपुर मार्ग पर तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो अचानक अनियंत्रित हो गई और डीजे से टकराते हुए भीड़ को रौंदती चली गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि चारों ओर चीख–पुकार मच गई और मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के बाद चालक ने वाहन रोकने के बजाय उसे आगे–पीछे दौड़ाते हुए भागने की कोशिश की, जिससे कई और लोग उसकी चपेट में आ गए। कुछ लोगों ने उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन समेत फरार हो गया।घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल लोगों को जिला अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया गया। अस्पताल ले जाते



समय रास्ते में रमेश की मौत हो गई। वह मजदूरी कर परिवार का भरण–पोषण करता था।घायलों में इस्माइल (21), रत्नेश (10), अरशद, दीपू (17), रवि (18), साजन (65), कुंवर सिंह (18), रामवीर और दूल्हे के पिता पप्पू सहित कई लोग शामिल हैं। लड़की पक्ष से बादल (16) भी घायल हुआ है। दर्दनाक हादसे के बीच गमगीन माहौल में परिजनों ने सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए जल्दबाजी में विवाह की शेष रस्में पूरी कर दुल्हनों की विदाई कर दी। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और फरार बोलेरो चालक की तलाश जारी है।रमेश की मौत से परिवार पर गहरा संकट आ गया है। वह मजदूरी कर घर चलाता था। अब पत्नी और पांच बच्चों के सामने जीवन यापन की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। हादसे में दूल्हे के पिता पप्पू सहित कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक ने भागने के दौरान वाहन को आगे–पीछे दौड़ाया, जिससे कई और लोग घायल हो गए।

# इकाना स्टेडियम में आईपीएल मैच को लेकर ट्रैफिक डायवर्जन प्लान जारी, कई मार्गों पर रहेगा प्रतिबंध

लखनऊ(आरएनएस )। राजधानी में 7 मई 2026 को इकाना स्टेडियम में आयोजित होने वाले आईपीएल मैच को लेकर पुलिस–प्रशासन ने विस्तृत ट्रैफिक डायवर्जन प्लान जारी किया है। यह व्यवस्था दोपहर 3 बजे से मैच समाप्ति तक प्रभावी रहेगी, ताकि दर्शकों की सुविधा और यातायात संचालन सुचारु रूप से सुनिश्चित किया जा सके।डायवर्जन योजना के तहत शहीद पथ पर मैच के दौरान रोडवेज बसों, प्राइवेट बसों और सभी प्रकार के व्यवसायिक वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध रहेगा। हालांकि निजी वाहन और किराये की टैक्सीध्कारों को अनुमति दी गई है। सुल्तानपुर रोड से आने वाले भारी वाहन अमूल तिराहा से डायवर्ट होंगे, जबकि अर्जुनगंज की ओर से आने वाले वाहन कटाई पुल से मोड़े जाएंगे। रोडवेज द्वारा जारी डायवर्जन प्लान का पालन निजी बस संचालकों को भी सख्ती से करना होगा।मैच के दौरान सिटी बसों का संचालन जारी रहेगा, लेकिन ये बसें शहीद पथ पर हुसड़िया और सुशांत गोल्फ सिटी के बीच कहीं नहीं रुकेंगी और सड़क की दाईं लेन में चलेंगी। वहीं, ई–रिक्शा और ऑटो को शहीद पथ और उसकी सर्विस रोड पर पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। अर्जुनगंज की तरफ से आने वाले ऑटो और ई–रिक्शा अहिमामऊ से बाएं मुड़कर पीएचक्यू और यूपी–112 मुख्यालय के पीछे की सड़क पर सवारी उतारेंगे, जबकि सुल्तानपुर रोड से आने वाले वाहन लूलू मॉल की ओर सवारी उतारेंगे। किसी भी स्थिति में अहिमामऊ के 500 मीटर के दायरे में सवारी चढ़ाने–उतारने की अनुमति नहीं होगी।ओला, ऊबर और अन्य किराये के वाहनों के लिए भी विशेष दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। ये वाहन सिटी बसों की तरह ही हुसड़िया से सुशांत गोल्फ सिटी के बीच शहीद पथ पर सवारी नहीं बैठाएंगे और न ही उतारेंगे। एयरपोर्ट की ओर से आने वाले वाहन अहिमामऊ से पहले सवारी उतारेंगे, जबकि अर्जुनगंज की ओर से आने वाले वाहन निर्धारित रूट से होकर पीएचक्यू के पीछे ड्रॉप करेंगे।निजी वाहनों के लिए पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गई है। जिनके पास पास होगा, वे अहिमामऊ से एचसीएल की ओर जाकर वाटर टैंक तिराहे से प्लासियो मॉल होते हुए चिन्हित पार्किंग स्थल तक पहुंचेंगे। बिना पास वाले वाहन भी इसी मार्ग का उपयोग करेंगे और पहले आने वालों को प्लासियो मॉल में पार्किंग मिलेगी, उसके बाद अन्य वाहनों को वाटर टैंक तिराहे से एचसीएल के बीच पार्क किया जाएगा। दोपहिया वाहनों के लिए प्लासियो मॉल के पीछे पार्किंग की व्यवस्था की गई है।वीआईपी और वीवीआईपी के साथ आने वाले स्कॉर्ट वाहन स्टेडियम के पास पार्क नहीं किए जाएंगे, बल्कि उन्हें मॉल या पीएचक्यू के पीछे निर्धारित स्थानों पर पार्क करना होगा। स्टेडियम के आसपास अवैध पार्किंग करने पर वाहनों को टो किया जाएगा और क्लैम्पिंग की कार्रवाई भी की जाएगी।दर्शकों के लिए टिकट पर क्यूआर कोड की सुविधा दी गई है, जिसे स्कैन करने पर पार्किंग स्थलों का पूरा मैप उपलब्ध होगा। स्टेडियम में प्रवेश मैच शुरू होने से तीन घंटे पहले दिया जाएगा और दूसरी पारी के मध्य तक ही प्रवेश संभव होगा। एक बार बाहर निकलने के बाद दोबारा प्रवेश नहीं मिलेगा। बिना टिकट या ड्यूटी कार्ड के प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।सुरक्षा के दृष्टिगत सिक्के, ईयरफोन और ज्वलनशील पदार्थ जैसे सामान स्टेडियम में ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन ने स्टेडियम के आसपास रहने वाले लोगों से अपील की है कि वे मैच देखने के लिए अनावश्यक रूप से न निकलें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।

# डिफेंस सेक्टर में यूपी ने की उल्लेखनीय प्रगति- सीएम

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों, विशेषकर युद्ध जैसी स्थितियों ने यह स्पष्ट किया है कि डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भरता कितनी आवश्यक है। कुछ वर्ष पहले भारत का रक्षा निर्यात लगभग 600 करोड़ रुपये ही था, लेकिन निरंतर प्रयासों से आज हमारी सामर्थ्य 38 हजार से 50 हजार करोड़ रुपये तक के रक्षा उत्पाद निर्यात करने की है। भारत अब मित्र देशों को रक्षा उत्पाद उपलब्ध करा रहा है। उत्तर प्रदेश ने भी इस क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। राज्य में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के छह प्रमुख नोड्स लखनऊ, कानपुर, झांसी, आगरा, अलीगढ़ और चित्रकूट पर तेजी से कार्य हो रहा है। इन नोड्स में 35,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव जमीन पर उतर रहे हैं। सरकार ने डिफेंस एवं एयरोस्पेस पॉलिसी के तहत बड़े लैंड बैंक का निर्माण किया है और निवेशकों को आकर्षक प्रोत्साहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अलीगढ़ छोटे हथियारों और रक्षा उपकरणों के निर्माण का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है, जबकि कानपुर गोला–बारूद, मिसाइल, डिफेंस टेक्सटाइल और प्रोटेक्टिव गियर के उत्पादन का महत्वपूर्ण हब बन रहा है। लखनऊ और झांसी नोड्स में ब्रह्मोस मिसाइल और हैवी डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे देश की सैन्य क्षमता और मजबूत हो रही है। चित्रकूट और आगरा नोड्स में एयरोस्पेस और प्रिसिजन इंजीनियरिंग के क्षेत्र में विकास जारी है, ताकि स्पेस डोमेन सहित रक्षा के सभी आयामों में देश की क्षमता को सुदृढ़ किया जा सके।

## यूपी डिफेंस कॉरिडोर सैनिकों की क्षमता और सुरक्षा में मददगार

प्रयागराज। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी डिफेंस कॉरिडोर के तहत तोप के गोले, स्वदेशी ड्रोन, बुलेटप्रूफ जैकेट और उन्नत संचार प्रणालियों का निर्माण किया जा रहा है। डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं उत्तर प्रदेश में उपलब्ध हैं। प्रदेश के पास 56 प्रतिशत युवा एवं स्किल्ड वर्कफोर्स और 96 लाख एमएसएमई इकाइयों का मजबूत आधार है, जो विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़ा हुआ है। सभी 6 स्ट्रेटेजिक नोड्स पर पर्याप्त लैंड बैंक भी उपलब्ध है। राज्य सरकार स्किल, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी के माध्यम से मार्केट–रेडी और इंडस्ट्री–रेडी वर्कफोर्स तैयार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में आईआईटी कानपुर के साथ ड्रोन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित किया गया है, जबकि स्टेट फॉरेंसिक संस्थान के माध्यम से भी विभिन्न क्षेत्रों में नए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जा रहे हैं। सभी स्ट्रेटेजिक नोड्स में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम विकसित किया जा रहा है।

## ज्ञान जहां से भी आए, उसे स्वीकारना हमारी परंपरा- योगी आदित्यनाथ

प्रयागराज। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सिम्पोजियम के माध्यम से रक्षा क्षेत्र में प्रधानमंत्री के विजन को साकार होते देखना गर्व का विषय है। यह सिम्पोजियम ज्ञान, अनुभव और नवाचार के आदान–प्रदान का महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म है। उन्होंने भारतीय संस्कृति के मूल मंत्र "आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः" का उल्लेख करते हुए कहा कि ज्ञान जहां से भी आए, उसे स्वीकार करना हमारी परंपरा रही है और यह सिम्पोजियम उसी भावना को आगे बढ़ा रहा है।

# लखनऊ में 8 मई को 'सम्पूर्ण समाधान दिवस', नगर निगम मुख्यालय में सुनी जाएंगी समस्याएंय जनगणना 2027 पर भी होगा जागरूकता अभियान

लखनऊ(आरएनएस )। नगर निगम लखनऊ द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से 8 मई 2026 को 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम नगर निगम मुख्यालय लालबाग में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा, जिसकी अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल करेंगी। इस दौरान नगर निगम से जुड़ी विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जाएगा, साथ ही जनगणना 2027 को लेकर नागरिकों को जागरूक भी किया जाएगा।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान गृहकर, जीआईएस सर्वे, सफाई व्यवस्था, जल निकासी, सड़क मरम्मत और स्ट्रीट लाइट जैसी सेवाओं से संबंधित शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। नगर निगम के सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याएं सुनेंगे और उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करेंगे। प्रशासन ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करें।इसी के साथ जनगणना 2027 के पहले चरण मकान सूचीकरण अभियान (एचएलओ) के तहत उत्तर प्रदेश में 22 मई से 20 जून 2026 तक घर–घर गणना का कार्य किया जाएगा। इससे पहले नागरिकों को स्व–गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की सुविधा दी गई है, जो 7 मई से 21 मई 2026 तक उपलब्ध रहेगी। इस प्रक्रिया के तहत नागरिक जनगणना अधिकारी के आने से पहले ही ऑनलाइन माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।नगर निगम प्रशासन के अनुसार स्व–गणना पोर्टल हिंदी, अंग्रेजी सहित 14 भाषाओं में उपलब्ध है और कोई भी परिवार का सदस्य लगभग 15 से 20 मिनट में यह प्रक्रिया पूरी कर सकता है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद "₹" से शुरू होने वाली 11 अंकों की एक विशेष स्व–गणना आईडी (₹ प्क) जनरेट होगी, जो एसएमएस और ईमेल के माध्यम से प्राप्त होगी और बाद में सत्यापन के दौरान आवश्यक होगी।जनगणना के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 8 मई को ही झंडी वाला पार्क में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले डाक्टरों की उच्च स्तरीय जांच होगी

## हाईकोर्ट ने यूपी चीफ सेक्रेटरी को प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले डश्क्टरों पर कार्यवाही के लिए जांच के दिए निर्देश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले डाक्टरों की उच्च स्तरीय जांच करायें और कार्रवाई करें और साथ ही स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में फंड की उपलब्धता के बावजूद पिछले 20 साल से निर्माणाधीन कार्डियोलॉजी भवन की मानीटरिंग करने को कहा है।कोर्ट ने टिप्पणी की कि स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल की हालत फंड व सुविधाओं की कमी के कारण खराब नहीं बल्कि प्रोफेसर,एसोसिएट प्रोफेसर व लेक्चररों के अस्पताल में मरीजों का इलाज करने के बजाय प्राइवेट अस्पतालों में करने के कारण खराब है। ये सरकारी डाक्टर प्रयागराज में समानांतर मेडिकल इंडस्ट्री चला रहे,मरीजों को प्राइवेट नर्सिंग होम में लेजाकर सर्जरी करते हैं।कोर्ट ने अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ता से अस्पताल के पक्ष में जमीन स्थानांतरित करने के कैबिनेट अनुमोदन की भी जानकारी मांगी है। यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज के डाक्टर अरविंद गुप्ता की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। इनके खिलाफ प्राइवेट प्रैक्टिस करने में लापरवाही बरतने को लेकर उपभोक्ता फोरम की कार्यवाही की गई जिसे याचिका में चुनौती दी गई है।अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ता सुरेश सिंह ने कोर्ट को बताया कि स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल के लिए 31314 वर्गमीटर जमीन स्थानांतरित करने के लिए सभी विभागों से अनापत्ति प्राप्त हो गई है। कैबिनेट के अनुमोदन के लिए भेजा गया है। अनुमति मिलते हैं जमीन स्थानांतरित कर दी जाएगी। प्राचार्य डा विनोद कुमार पांडेय ने ब्वायज व गर्ल्स हास्टल के बारे में बताया कि भवन जर्जर है। खाली करने की नोटिस दी गई है। भवन ध्वस्त कर पुनर्निर्माण कराया जायेगा। कोर्ट ने आश्चर्य प्रकट किया कि दो मंजिला कार्डियोलॉजी भवन का निर्माण 2006 मे शुरू हुआ राजकीय निर्माण निगम निर्माण कर रहा। सरकार ने फंड मुहैया कराया है। अभी भी प्रोजेक्ट पूरा नहीं हो सका। इसपर बताया गया कि अगस्त 26 मे तैयार होकर क्रियाशील हो जायेगा। कोर्ट को बताया गया कि प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले एसोसिएट प्रोफेसर डा संतोष कुमार सिंह व उनकी पत्नी डा एलाक्षी शुक्ला के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

# लखनऊपुलिस की डिजिटल फारेंसिक में बढ़ी दक्षता, एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

लखनऊ(आरएनएस )। अपराधों की आधुनिक चुनौतियों से निपटने के लिए लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट लगातार तकनीकी सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। इसी क्रम में 6 मई 2026 को रिजर्व पुलिस लाइन्स सभागार में "डिजिटल कम्प्यूटर फॉरेंसिक" विषय पर एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) अपर्णा कुमार, संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) बबलू कुमार और पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) अमित कुमावत के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जबकि संचालन सहायक पुलिस आयुक्त (महिला अपराध ट्रेनिंग सेल) सौम्या पाण्डेय के पर्यवेक्षण में किया गया।कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को डिजिटल साक्ष्यों के संकलन, संरक्षण और विधिक प्रक्रियाओं की बारीकियों से अवगत कराना था, ताकि विवेचना को आधुनिक तकनीक के अनुरूप और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इसमें साइबर अपराधों में प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को सुरक्षित तरीके से एकत्र करने और उन्हें न्यायालय में सशक्त रूप से प्रस्तुत करने के तरीकों पर विशेष जोर दिया गया।इस प्रशिक्षण में कुल 100 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। सत्र का संचालन वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार सिंह ने किया, जिन्होंने अपने अनुभव के आधार पर डिजिटल फॉरेंसिक के जटिल विषयों को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधों के खुलासे में डिजिटल फॉरेंसिक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है।प्रशिक्षण के दौरान कंप्यूटर, मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से साक्ष्य एकत्र करने की वैज्ञानिक विधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। 'हैश वैल्यू' की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि साक्ष्य की मौलिकता सुनिश्चित करने में इसकी अहम भूमिका होती है। साथ ही भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत आवश्यक प्रमाणपत्र की कानूनी प्रक्रिया के बारे में भी प्रतिभागियों को जानकारी दी गई।कार्यशाला में व्यावहारिक प्रशिक्षण को भी प्रमुखता दी गई। विभिन्न केस स्टडी के माध्यम से यह बताया गया कि घटनास्थल से इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को किस प्रकार जब्त किया जाए और सुरक्षित तरीके से प्रयोगशाला तक पहुंचाया जाए। मोबाइल डेटा रिकवरी और क्लाउड स्टोरेज से साक्ष्य निकालने की तकनीकों पर भी चर्चा हुई।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे विवेचना की गुणवत्ता में सुधार होगा और अपराधियों के खिलाफ सजा की दर में वृद्धि होगी। साथ ही थानों को आधुनिक फॉरेंसिक किट और संसाधनों से लैस करने की भी योजना है।कार्यशाला के समापन पर प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

# भाजपा नेता दीपू रावत ने ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार पर विभिन्न स्थानों पर प्रसाद ग्रहण किया सामाजिक सेवा में हमेशा आगे रहते हैं

विजडम इंडिया।

लखनऊ। भाजपा जिला उपाध्यक्ष,अनुसूचित मोर्चा एवं सामाजिक कार्यकर्ता दीपू रावत ने आज ज्येष्ठ मास के प्रथम मंगलवार के पावन अवसर पर बीकेटी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आयोजित भंडारों में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर भगवान बजरंगबली बाबा महाराज के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। जय बजरंगबली' के उद्घोष के साथ दीपू रावत ने श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया और सभी के सुख–समृद्धि की कामना की।लगातार समाज सेवा में सक्रिय दीपू रावत सिर्फ भाजपा नेता ही नहीं, बल्कि एक समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। वे लगातार समाज सेवा में लगे रहते हैं। कभी विधवा महिलाओं का सहयोग'करते हैं, तो 'कभी गरीबों की मदद के लिए आगे आते हैं। अपने निजी संसाधनों से भी वे विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्य करते रहते हैं क्षेत्रीय जनता के बीच दीपू रावत की छवि एक 'जमीन से जुड़े नेता और सच्चे समाजसेवी की है।



# आंधी-तूफान से क्षतिग्रस्त बिजली व्यवस्था की मरम्मत तेज, जल्द मिलेगी राहत

सुलतानपुर(आरएनएस )। हाल ही में आए चक्रवाती असर और तेज आंधी–बारिश के कारण विद्युत वितरण खंड बल्दीराय की





बिजली व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई। कई स्थानों पर 11 केवी लाइनें टूट गईं, सैकड़ों बिजली के खंभे गिर गए और ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि विषम परिस्थितियों के बावजूद विद्युत विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए युद्धस्तर पर मरम्मत और पुनर्स्थापन कार्य शुरू कर दिया। विभाग सेवा ही सर्वोपरि के सिद्धांत पर काम करते हुए उपभोक्ताओं को जल्द से जल्द राहत देने के लिए सभी संसाधनों का उपयोग कर रहा है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार बल्दीराय क्षेत्र के सभी 38 में से 38 फीडर चालू कर दिए गए हैं जबकि एलटी लाइनों पर बाकी काम तेजी से जारी है। आंधी–तूफान में करीब 800 बिजली पोल क्षतिग्रस्त हुए थे, जिनमें से अब तक लगभग 650 पोल दोबारा खड़े किए जा चुके हैं। वहीं खराब हुए ट्रांसफार्मरों की मरम्मत और बदलने का काम भी प्राथमिकता के आधार पर लगातार जारी है। इस आपदा से लगभग 510 गांव प्रभावित हुए थे, जिनमें अब केवल 50 गांवों में ही आंशिक रूप से बिजली आपूर्ति बाधित है। यानी अब प्रभावित गांवों का प्रतिशत घटकर करीब 9.80: रह गया है जो विभाग के तेज और प्रभावी काम को दर्शाता है। मरम्मत कार्य को तेजी देने के लिए करीब 160 कर्मियों की टीम (80 विभागीय और 80 कार्यदायी संस्था के कर्मचारी) दिन–रात जुटी हुई है। इसके साथ ही 10 हाइड्रा मशीनों की मदद से पोल खड़े करने और लाइनों को दुरुस्त करने का काम तेजी से किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा पूरे कार्य की लगातार निगरानी की जा रही है और उन इलाकों को प्राथमिकता दी जा रही है, जहां बिजली पूरी तरह ठप है। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक जल्द बिजली पहुंचाई जा सके। विभाग ने आम जनता से अपील की है कि यदि कहीं तार टूटे हों या पोल गिरे हों तो तुरंत इसकी सूचना संबंधित उपकेंद्र या हेल्पलाइन पर दें। साथ ही, सभी लोग क्षतिग्रस्त बिजली लाइनों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। विद्युत विभाग ने भरोसा दिलाया है कि वह उपभोक्ताओं को सुरक्षित, निर्बाध और बेहतर बिजली आपूर्ति देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसी आपदाओं से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहेगा।

# डीएम एसपी ने अपनाया जनसुनवाई का नया तरीका

## जनसुनवाई के दौरान वर्चुअल जुड़ रहे है जिले के अफसर

सुल्तानपुर(आरएनएस )। जिले के प्रशासन व पुलिस विभाग की मुखिया इस समय जनसुनवाई के दौरान जिले के सभी अफसरों को वर्चुअल जोड़ कर मामले की जानकारी के साथ निस्तारण का निर्देश दे रहे है। जिससे जनसामान्य को न्याय की उम्मीद जगी है। पूर्व में प्रार्थना पत्रों पर आदेश तो हो जाता था लेकिन क्रियान्वयन बहुत कम ही होता था। जिसके जिले के दोनों वरिष्ठ अफसर बेहद संजीदा दिखाई दे रहे है। बता दे कि शासन द्वारा निर्धारित जनता दर्शन के समय सुबह के 10 बजे से 12 बजे तक जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह व एसपी चारु निगम अपने अपने कार्यालय के बैठकर जनसुनवाई करते है। जिले के सुदूर इलाकों से आए हुए फरियादियों की समस्या के निस्तारण के लिए दोनों अधिकारियों ने नया प्रयोग शुरू किया है। जिसमे संबंधित विभाग के सभी अधिकारी वर्चुअल जुड़े रहते है। जिस विभाग या अधिकारी से संबंधित मामला



जनसुनवाई में पहुंचता है। उससे सीधे संवाद कर मामले की जानकारी के साथ उचित निस्तारण का निर्देश डीएम एसपी द्वारा दिया जा रहा है। ऐसे में जो लापरवाह अधिकारी/कर्मचारी पहले जनसुनवाई के समय अपने कार्यालय से गायब रहते थे उन पर लगाम लग गई। अब उन्हें 10 बजते ही ऑफिस पहुंचकर वर्चुअल जुड़ना ही पड़ रहा है। दोनो अधिकारियों के इस निर्णय से लोगों के बीच सराहना हो रही है। पूर्व में जो आदेश फाइलों में गुम हो जाते थे अब शिकायत पर तुरंत कार्यवाही का निर्देश मिल रहा है। साथ ही जो लोग झूठी शिकायत लेकर पहुंच जाते थे उन पर भी लगाम लगने की पूरी उम्मीद है। इस तरह पारदर्शी तरीके से आम जन के शिकायत के निस्तारण से लोगो को उम्मीद भी जगी है और काफी संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर डीएम एसपी के कार्यालय पहुंच रहे है।

# मानक के अनुरूप न मिलने पर एडीशनल सीएमओ ने अपोलो चाइल्ड अस्पताल को दिया नोटिस।

(मीरजापुर) राजगढ़

जनपद में चल रहे अवैध झोलाछाप डॉक्टर एवं अवैध पैथोलॉजी चलने एवं मरीजों की शोषण करने की शिकायत मिलने पर राजगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजगढ़ बाजार में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अवधेश सिंह ने अपोलो चाइल्ड चिकित्सालय को मानक विहिन पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह में अपना पक्ष रखने का आदेश दिया है। जनता की शिकायती पत्र के आधार पर बुधवार को दोपहर में अपर मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी झोलाछाप नोडल अवधेश



कुमार सिंह ने राजगढ़ बाजार में अपोलो चाइल्ड निजी चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण में वहां पर न तो प्रशिक्षित डॉक्टर नर्स और न तो उपकरण के साथ बेड भी अस्पताल के अनुकूल नहीं पाए गए । उपस्थित अस्पताल कर्मचारियों से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि डॉक्टर साहब किसी कारणों से अस्पताल नहीं पहुंच पाए है। कर्मचारी अस्पताल संबंधित कोई कागजात भी नहीं दिखा पाए। संतोषजनक उत्तर न मिल पाने पर उन्होंने अस्पताल के संचालक के नाम कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना पक्ष रखने को कहा। और कहा पक्ष न रखने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। गौरतलब हो कि नोडल अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा क्षेत्र में चल रहे अवैध निजी अस्पतालों व पैथोलॉजी का जनता के शिकायत पर लगातार 3 वर्षों से जांच किया जाता है। जांच के बाद सिर्फ कारण बताओ नोटिस देकर अपना पक्ष रखने के लिए कहा जाता है। आजतक क्षेत्र के अवैध, मानक विहीन निजी अस्पतालों व पैथोलॉजियो के विरुद्ध कोई कार्यवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों में अनिल पटेल व संतोष, रामजी,दीना, रामआशरे व अन्य का आरोप है कि अपर चिकित्सा अधिकारी जानबूझकर अवैध निजी अस्पतालों के संचालकों को हप्ते, दस दिन का समय देते हैं। ताकि मामले को ले, देकर रफादफा किया जा सके।क्षेत्र में चल रहे मानक विहीन अस्पतालों में अप्रशिक्षित चिकित्सकों के इलाज से आये दिन मरीज मौत के घाट उतर रहे हैं। संबंधित चुप है।

इस संबंध में एडीसनल सीएमओ नोडल झोला छाप अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि जनता की मांग पर राजगढ़ अस्पताल में एक अस्पताल की जांच की गई और मानक के अनुरूप डॉक्टर और उपकरण न पाए जाने पर अस्पताल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# मथुरा में सीएसआर से हाईटेक निगरानी व्यवस्था लागू, 2 करोड़ से अधिक के संसाधन पुलिस को मिले

## स्वचालित नंबर प्लेट पहचान कैमरों और केंद्री×त नियंत्रण कक्ष से अपराधियों पर कड़ी नजर का दावा

## अग्निशमन फोम टेंडर और हैवी लिफ्टर क्रेन से आपात स्थितियों में त्वरित कार्रवाई की तैयारी

(मथुरा)(ए.के.शर्मा)

जिले में कानून व्यवस्था को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत वेकमेट इंडिया लिमिटेड द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) निधि से पुलिस विभाग को अत्याधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। लगभग 2 करोड़ 3 लाख 77 हजार 788 रुपये की लागत से तैयार इस परियोजना में स्वचालित नंबर प्लेट पहचान प्रणाली से युक्त सीसीटीवी कैमरे, सजीव निगरानी एवं आंकड़ा विश्लेषण आधारित केंद्रीकृत नियंत्रण कक्ष, औद्योगिक फोम टेंडर अग्निशमन वाहन तथा भारी क्षमता वाली लिफ्टर क्रेन शामिल हैं।




परियोजना के अंतर्गत जनपद में 48 नई स्थानों पर 192 स्वचालित नंबर प्लेट पहचान कैमरे स्थापित किए गए हैं। इन्हें पहले से संचालित 22 स्थानों के कैमरों के साथ जोड़कर अब कुल 70 स्थानों पर लगभग 280 कैमरों का व्यापक जाल तैयार किया गया है। यह प्रणाली तेज गति से गुजर रहे वाहनों की नंबर प्लेट पढ़ने, वाहन के रंग और मॉडल के आधार पर पहचान करने तथा संदिग्ध या चोरी के वाहनों को चिन्हित कर उन्हें निगरानी प्रणाली में सूचीबद्ध करने और संबंधित स्थान पर पहुंचते ही नियंत्रण कक्ष को तत्काल सूचना देने में सक्षम बताई जा रही है।

केंद्रीकृत नियंत्रण कक्ष में सभी कैमरों की सजीव निगरानी तथा आंकड़ों का विश्लेषण करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे पूरे शहर की गतिविधियों पर एक ही स्थान से नजर रखी जा सकेगी। अधिकारियों के अनुसार इससे यातायात प्रबंधन के साथ–साथ अपराध नियंत्रण में भी प्रभावी सहायता मिलने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त उपलब्ध कराया गया औद्योगिक फोम टेंडर रासायनिक एवं पेट्रोलियम पदार्थों से लगी आग को नियंत्रित करने में सक्षम है, जबकि भारी क्षमता वाली लिफ्टर क्रेन सड़कों पर अवरोध बने वाहनों को हटाने में सहायक होगी। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कंपनी के निदेशकों द्वारा इन संसाधनों को पुलिस अधिकारियों को सौंपा गया तथा औपचारिक रूप से वाहनों को रवाना किया गया और नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन भी किया गया।

वहीं, इस बाबत पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इन संसाधनों के माध्यम से आपातकालीन परिस्थितियों में प्रतिक्रिया समय कम होगा और निगरानी व्यवस्था अधिक सुदृढ़ बनेगी। बहरहाल, कुल मिलाकर मथुरा में सीएसआर के माध्यम से स्थापित यह उच्च तकनीकी निगरानी तंत्र पुलिस व्यवस्था को नई दिशा देने वाला कदम अवश्य माना जा रहा है, लेकिन इसकी वास्तविक उपयोगिता और प्रभाव आने वाले समय में ही स्पष्ट हो सकेगा।

## सवालों के घेरे में व्यवस्था!

क्या इतनी बड़ी लागत से स्थापित इस निगरानी प्रणाली का नियमित रखरखाव और संचालन लगातार सुनिश्चित किया जाएगा? स्वचालित नंबर प्लेट पहचान प्रणाली से प्राप्त आंकड़ों का वास्तविक उपयोग कितने प्रभावी तरीके से हो पाएगा? क्या इस पूरी व्यवस्था की स्वतंत्र जांच या मूल्यांकन की कोई स्पष्ट व्यवस्था भी बनाई गई है? इसी तरह उपकरणों के रखरखाव और तकनीकी उन्नयन के लिए दीर्घकालिक योजना क्या है और सबसे अहम सवाल यह है कि क्या इस बड़े निवेश का असर जमीन पर अपराध में कमी और यातायात व्यवस्था में सुधार के रूप में साफ दिखाई देगा?

# मिर्जापुर 6 मई 2026 को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय मिशन कंपाउंड पर मासिक बैठक में तय हुआ इस नारे के साथ

## मिर्जापुर में समस्याओं का अंबार मंत्री सांसद विधायक सब बेकार जनता की समस्याओं को जानने कांग्रेसी चली जनता के द्वारा

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ शिवकुमार सिंह पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि जनता की तमाम मुद्दों को लेकर लड़ा जाएगा श्री पटेल ने कहा कि अहरौरा एवं अष्टभुजा विंध्याचल में फर्जी टोल टैक्स लगाकर सरकार के इशारे पर जनता को लूट जा रहा है इसको खत्म किया जाए 20 किलोमीटर के एरिया में जनता को फ्री लोकल पास दिए जाने की मांग करते वह कहा कि हम लड़ाई जनता के दरवाजे पर जाकर उनकी समस्याओं को सुना जाएगा और जनता से हो रही लूट को बताया जाएगा और उनकी समस्याओं को सुनकर ब्लॉक, तहसील, जिला जिस स्तर की समस्या होगी उसे जगह जाकर हक अधिकार को दिलाने के लिए संघर्ष किया जाएगा




पूर्व चेयरमैन दीप चन्द्र जैन एवं उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति के प्रदेश महासचिव दुर्गा प्रसाद चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि जब–जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है जनता को महंगाई की मारा झेलना पड़ा है किसानों का बुरा हाल है आम जनमानस तमाम समस्याओं को अन देखी किया जा रहा है

बैठक का संचालन करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं प्रवक्ता छोटे खान ने कहा कि मिर्जापुर शहर के चारों तरफ सड़क बहुत खराब है

जनता की तमाम मुद्दों को लेकर लड़ा जाएगा

उपस्थित गुलाबचंद पांडे शेष धर दुबे शकील प्रमोद गुप्ता राम नाथ दुबे रामराज भारती अंशु पांडे इस्तियाक अंसारी कपिल सोनकर सतीश शर्मा शिव शंकर पांडे राजेंद्र विश्वकर्मा अश्वनी दुबे कमर शाही आनंद दुबे जैकी कोल अमरनाथ पांडेय संतोष यादव राम लखन मास्टर विजय दुबे पहाड़ी छोटू चौबे गुलाब मिश्रा बब्बू पाठक डॉ दिनेश चौधरी रितेश मिश्रा मिथलेश मिश्रा सैफुद्दीन कन्हैया लाल पाठक बब्बू पाठक विवेक सिंह राजू भारती राकेश पटेल संजय विश्वकर्मा अनुराग मिश्रा विनोद भारती रोशन अंसारी संकट मोचन राम विष्णु शर्मा अशोक पटेल विनोद पटेल सतीश दुबे राजू भारती संतोष मिश्रा प्रमोद भारती कांग्रेस जन उपस्थित रहे

# जनपद न्यायधीश व जिलाधिकारी ने बाल संरक्षण गृह का किया औचक निरीक्षण

मीरजापुर। जनपद न्याधीश अरविन्द कुमार मिश्र ।। व जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने आज मोर्चाघर स्थित जिला बाल संरक्षण गृह पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण किया। जनपद न्याधीश व जिलाधिकारी द्वारा कक्षवार यथा–कार्यालय, स्टोर, खेल/म्यूजिक कक्ष, भोजनालय, शौचालय आदि का भ्रमण कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायधीन द्वारा मुख्य विकास अधिकारी से अपेक्षा की गई कि बाल संरक्षण गृह में टेबल टेनिस



लगवाने हेतु कहा गया, जिस पर उनके द्वारा तत्काल खेल अधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर लगवाने हेतु निर्देशित किया। मा0 जनपद न्यायधीश द्वारा पर्यवेक्षण गृह मे आवासित विधि विवादित किशोरो से बात चीत कर उन्हे दी जा रही स्वास्थ्य शिक्षा, दैनिक आहार, व्यवहारिक प्रशिक्षण, खेल कूद आदि मिल रही सुविधाओ के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि आवासित किशोरो को भोजन तालिका/मीनू के अनुसार भोजन समय से उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मुकेश कुमार को निर्देशित करते हुए कहा कि समय–समय पर परीक्षण शिविर लगाकर किशोरो की जांच भी कराई जाए। इस दौरान जनपद न्यायधीश, जिलाधिकारी द्वारा पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया, अध्यापको द्वारा किशोरो को पढ़ाया जा रहा था वहां पर पहुंचकर किशोरो वार्ता की गई एवं उनके द्वारा बनाई गई पेंटिग/चित्र को दिखाया गया जनपद न्यायधीश, जिलाधिकारी उसकी प्रशंसा की गई। जिलाधिकारी द्वारा किशोरो से दाखिले के बारे में पूछा गया तो किशोरो द्वारा बताया गया दाखिला हो गया है। निरीक्षण के दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पल्लवी सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मुकेश सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# लोक अदालत को लेकर जिला जज ने की बैठक


जौनपुर(आरएनएस )। सिविल जज सीडि/सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुशील कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों में लम्बित सभी प्रकार के सुलह–समझौते योग्य प्रकरणों के निस्तारण हेतु जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुशील कुमार शशि की अध्यक्षता में न्यायिक अधिकारियों की बैठक की गयी। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौते के माध्यम से अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के बावत जिला जज ने न्यायिक अधिकारियों द्वारा किये गये प्रयासों एवं तैयारियों का जायजा लिया। न्यायिक अधिकारी/मजिस्ट्रेट जिस किसी को भी सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारित किये जा सकने एवं प्रभावी कार्यवाही किये जाने में कोई कठिनाई आ रही हो तो उसका निराकरण करावें, जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत में लम्बित मामलों के निस्तारण की संख्या बढ़ाई जा सके। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री–लिटिगेशन (वाद–पूर्व) स्तर पर पारिवारिक/दाम्पत्य विवाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, धन वसूली वाद, श्रम एवं सेवायोजन विवाद, विद्युत, जल बिल एवं अन्य प्रकार के बिलों के भुगतानों के विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद) आपसी सुलह समझौते के आधार पर



भरण–पोषण वाद तथा अन्य प्रकार के आपराधिक शमनीय व सिविल वाद तथा न्यायालयों में लम्बित आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, धन वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकायें, श्रम एवं सेवायोजन विवाद, विद्युत, जलकर बिल एवं अन्य प्रकार के बिलों के भुगतानों के विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित) वैवाहिक प्रीलिटिगेशन के मामलें, पारिवारिक वाद (विवाह विच्छेद सम्बन्धित वादों को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण वाद, सेवा में वेतन, भत्तों एवं सेवानिवृत्ति परिलाभां से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद, अन्य सिविल वाद निस्तारित होने वाले समस्त प्रकार के वादों का निस्तारण किया जायेगा। जिला जज द्वारा वादकारियों एवं अधिवक्ता गण से अपील की गयी कि अपने–अपने वादों से सम्बन्धित न्यायालयों में सम्पर्क स्थापित कर वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु सन्दर्भित करायें एवं अधिकतम वादों का निस्तारण कराकर लोक अदालत का लाभ उठायें। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, जौनपुर, अपर जिला जज गण, एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट गण उपस्थित रहे।

# 146 फील्ड ट्रेनर स्व-गणना देगे प्रशिक्षण-जिलाधिकारी

जौनपुर(आरएनएस )। प्रमुख जनगणना अधिकारी/जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि स्वतंत्रता के बाद से 8वीं जनगणना डिजिटल मोड में होने वाली पहली जनगणना: डेटा संग्रह प्रगणकों के स्मार्टफोन पर समर्पित मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाएगा तथा स्व–गणना का कार्य स्मार्टफोन, टैबलेट, डेस्कटॉप, लैपटॉप आदि से किया जा सकता जिले में 7 मई से 20 मई मई तक 3 मास्टर ट्रेनर एवं 146 फील्ड ट्रेनर द्वारा विभिन्न विभागों में स्व–गणना संबंधी प्रशिक्षण एवं अभियान चलाया जाएगा उन्होने बताया



कि भारत की जनगणना देश के योजना निर्माण, नीति निर्धारण, और सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए आधारभूत डेटा प्रदान करती है। जनगणना डेटा ही वित्त आयोग द्वारा राज्यों को धन के हस्तांतरण और विकास योजनाओं के लिए वित्तीय सहायता निर्धारित करने का आधार है। जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत, प्रत्येक व्यक्ति की जानकारी को पूरी तरह से गोपनीय रखा जाता है। सभी निवासियों से अपील है कि इस राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम से जुड़कर देश की प्रगति और विकास में सहायता प्रदान करें।

# पुत्री भगा ले जाने की पिता ने दी तहरीर

जौनपुर (आरएनएस )। केराकत थाना क्षेत्र में एक 22 वर्षीय युवती को भगा ले जाने का मामला सामने आया है। युवती के पिता ने इस संबंध में पुलिस को तहरीर दी है, जिसमें उन्होंने अपनी बेटी की बरामदगी और उचित कार्रवाई की मांग की है। गौराबादशाहपुर थाने में दी गई शिकायत में बताया गया है कि 2 मई की सुबह एक युवक उनकी पुत्री को बहला–फुसलाकर अपने साथ भगा लिया।परिजनों के मुताबिक, घटना के बाद से युवती और आरोपी दोनों के मोबाइल नंबर बंद आ रहे हैं। परिवार ने अपने स्तर पर युवती की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है। पीड़ित पिता ने पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जल्द से जल्द बेटी की बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने युवती की तलाश शुरू कर दी है।

विजडम इण्डिया R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, गुरूवार 07 मई 2026
sheelshukla100@gmail.com


# बंगाल में निर्ममता की हार, तुष्टिकरण पर प्रहार और विकास की बयार

यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दिखाती है कि देश की जनता आज भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व पर अटूट विश्वास रखती है। पिछले 12 वर्षों में केंद्र में भाजपा की सरकार ने जिस तरह से विकास और सुशासन का मॉडल प्रस्तुत किया है, उसका असर हर राज्य में दिख रहा है। पश्चिम बंगाल के जनादेश ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि जनता प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के निर्णायक, प्रभावी और परिणाम देने वाले नेतृत्व पर अडिग विश्वास रखती है। यह भरोसा किसी भावनात्मक लहर का परिणाम नहीं, बल्कि वर्षों से दिख रहे सुशासन, पारदर्शिता और निरंतर विकास की ठोस बुनियाद पर खड़ा है। यह केवल एक चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि बंगाल की जनता के भीतर वर्षों से पनप रहे आक्रोश, पीड़ा और बदलाव की आकांक्षा का सशक्त विस्फोट है। इस जनादेश में साफ दिखता है कि जनता ने भय की राजनीति को नकारते हुए भरोसे को अपनाया, तुष्टिकरण को ठुकराकर विकास को चुना और भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़े होकर सुशासन को प्राथमिकता दी। बंगाल में यह जीत वास्तव में जनता की जीत है। ममता बनर्जी के नेतृत्व में चल रहे टोलाबाजी, सिंडिकेट राज, भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा और खुले तुष्टिकरण के खिलाफ जनता लंबे समय से सड़कों पर थी। हर वर्ग, चाहे वह किसान हो, युवा हो, महिला हो या व्यापारी, सबने इस व्यवस्था के खिलाफ मन बना लिया था। पिछले वर्षों में पश्चिम बंगाल में जिस तरह से हिन्दू समाज के साथ भेदभाव हुआ, वह किसी से छिपा नहीं है। तुष्टिकरण की राजनीति ने सामाजिक संतुलन को बिगाड़ा और अवैध घुसपैठ को प्रोत्साहन देकर राज्य की



पहचान और सुरक्षा दोनों पर सवाल खड़े कर दिए गए। हालात ऐसे बन गए थे कि कई इलाकों में हिन्दू समाज को दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया गया। चुनाव के समय उन्हें वोट डालने तक से रोका गया, डराया–धमकाया गया। यह लोकतंत्र का अपमान था, लेकिन इस बार जनता ने इन सबका जवाब दिया है। ममता बनर्जी की हताशा चुनाव से पहले ही दिखने लगी थी। एक भ्रष्ट निजी कंपनी को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक जाना, मतगणना में केंद्रीय कर्मचारियों की उपस्थिति का विरोध करना, ये सभी कदम इस बात के संकेत थे कि उन्हें अपनी हार का अंदाजा हो चुका था। लेकिन लोकतंत्र में अंतिम निर्णय जनता का होता है और जनता ने अपना फैसला स्पष्ट रूप से सुना दिया।यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दिखाती है कि देश की जनता आज भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व पर अटूट विश्वास रखती है। पिछले 12 वर्षों में केंद्र में भाजपा की सरकार ने जिस तरह से विकास और सुशासन का मॉडल प्रस्तुत किया है, उसका असर हर राज्य में दिख रहा है। जहां–जहां भाजपा की सरकारें हैं, वहां न केवल विकास हुआ है बल्कि जनता ने बार–बार उस पर मुहर लगाई है। असम इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनना और वह भी पहले से अधिक, लगभग तीन–चौथाई बहुमत के साथ, यह बताता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में राज्य सरकारों ने विकास के नए मानक स्थापित किए हैं। असम में बुनियादी ढांचे से लेकर कानून–व्यवस्था तक हर क्षेत्र में सुधार हुआ है, जिसका परिणाम जनता के विश्वास के रूप में सामने आया है।इन विधानसभा चुनावों में विपक्ष पूरी तरह से बिखरा हुआ नजर आया। राहुल गांधी एक बार फिर इस चुनाव में असफल नेता के रूप में सामने आए हैं। वह न तो इंडी गठबंधन को एकजुट रख पाए और न ही जनता के बीच कोई विश्वसनीय विकल्प प्रस्तुत कर पाए। चुनाव परिणामों के समय उनका विदेश में होना यह दर्शाता है कि वह इस जिम्मेदारी को गंभीरता से लेने के लिए तैयार ही नहीं हैं। इंडी गठबंधन अब केवल नाम का गठबंधन रह गया है, जिसका भविष्य अंधकारमय दिखता है। तमिलनाडु में वर्षों से जो लोग सनातन संस्कृति का अपमान करते आए, जिन्होंने हिन्दू आस्थाओं को निशाना बनाया, दीपम जैसे धार्मिक आयोजनों में बाधाएं डालीं और धर्म–भाषा के नाम पर समाज को बांटने की कोशिश की। जनता ने उन्हें भी करारा जवाब दिया है। सनातन संस्कृति की तुलना डेंगू–मलेरिया जैसी बीमारियों से करने वाली मानसिकता को जनता ने नकार दिया है। यह बदलाव धीरे–धीरे ही सही, लेकिन स्थायी रूप से उभर रहा है। पुडुचेरी में भी भाजपा के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है। भले ही यह प्रतिशत में कम दिखे, लेकिन यह संकेत स्पष्ट है कि दक्षिण भारत में भी भाजपा अपनी पकड़ मजबूत कर रही है। केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में भी वैचारिक बदलाव की शुरुआत हो चुकी है। केरल में भी भाजपा का आधार लगातार मजबूत हो रहा है। भले ही अभी वहां सत्ता तक पहुंचने में समय लगे, लेकिन जनता के बीच वैचारिक परिवर्तन साफ दिखाई दे रहा है। यह दर्शाता है कि देश का हर कोना अब विकास और राष्ट्रवाद की राजनीति की ओर बढ़ रहा है।

बंगाल की इस ऐतिहासिक जीत के पीछे भाजपा के लाखों कार्यकर्ताओं का संघर्ष और बलिदान छिपा हुआ है। पिछले कई वर्षों में, खासकर पिछले विधानसभा चुनाव के बाद, भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिस तरह की हिंसा और उत्पीड़न का सामना किया, वह अभूतपूर्व था। हजारों कार्यकर्ताओं को बेघर होना पड़ा, कईयों के घरों में आग लगा दी गई, दुकानों को लूट लिया गया, महिलाओं के साथ अत्याचार हुए और कई कार्यकर्ताओं ने अपनी जान तक गंवाई। तृणमूल कांग्रेस के गुंडों द्वारा किए गए इन अत्याचारों के बावजूद भाजपा कार्यकर्ता डटे रहे। उन्होंने हार नहीं मानी, बल्कि और मजबूती से संघर्ष किया। यह संघर्ष केवल राजनीतिक नहीं था, बल्कि विचारधारा और लोकतंत्र की रक्षा का संघर्ष था। आज जब बंगाल में कमल खिला है, तो यह केवल एक पार्टी की जीत नहीं, बल्कि उन सभी कार्यकर्ताओं के बलिदान का परिणाम है, जिन्होंने अपने खून–पसीने से इस जमीन को सींचा। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की धरती पर यह जीत विशेष महत्व रखती है। यही वह भूमि है जहां से वैकल्पिक राजनीति और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की नींव रखी गई थी।

# सम्पादकीय

## भारत उदय के कथानक को फिर झटका

प्रगति का एकमात्र सार्थक पैमाना लोगों के जीवन स्तर में सुधार है। साफ हवा, पानी, पर्याप्त भोजन, वस्त्र, आवास, शिक्षा और चिकित्सा मुहैया कराने के लिहाज से अर्थव्यवस्था का आकार महत्त्वपूर्ण है, लेकिन यह निर्णायक पहलू नहीं है।

सकल घरेलू उत्पाद के लिहाज से भारत उदय के कथानक को फिर झटका लगा है। चौथे स्थान पर पहुंचने के बाद भारत अब फिसल कर छठे नंबर पर जा गिरा है। जब भारत ने जीडीपी मापने की नई शृंखला अपनाई, तो उसके तहत हुई गणना में वह जापान से पिछड़ कर पांचवें नंबर पर दर्ज हुआ। अब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के 2025 के आंकड़ों के मुताबिक वह ब्रिटेन से भी नीचे हो गया है। ऐसा रुपये की कीमत में भारी गिरावट के कारण हुआ है। जीडीपी का आकलन देशों की अपनी मुद्रा में होता है। फिर तत्कालीन विनिमय दर के आधार पर अमेरिकी डॉलर में उसका मूल्य आंका जाता है।

2024 के अंत में एक डॉलर की कीमत 84.6 रुपये थी, जो 2025 के अंत में 88.5 रुपये हो गई। इस तरह डॉलर में भारत के जीडीपी का मूल्य घट गया। ताजा आंकड़ों के मुताबिक 2025 के अंत में भारत की जीडीपी 3.92 ट्रिलियन डॉलर थी, जबकि ब्रिटेन की चार ट्रिलियन और जापान की 4.44 ट्रिलियन डॉलर थी। तीसरे नंबर स्थित जर्मनी की अर्थव्यवस्था 4.7 ट्रिलियन रही, जबकि 19.6 ट्रिलियन के साथ चीन दूसरे और 30.8 ट्रिलियन डॉलर के साथ अमेरिका पहले नंबर पर रहा। डॉलर की आज की कीमत पर गणना की जाए, तो भारत के जीडीपी का मूल्य संभवतरू और भी कम होगा। यानी पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने और तीसरे नंबर पर पहुंचने की दौड़ फिलहाल उलटी दिशा में मुड़ गई है।बहरहाल, ये दौड़ बेमतलब है। ऐसे आंकड़ों के आधार पर बनाए गए कथानक असल में अर्थव्यवस्था की मूलभूत कमियों पर परदा डालने के लिए तैयार किए गए हैं। आर्थिक प्रगति का एकमात्र सार्थक पैमाना लोगों के जीवन स्तर में सुधार ही हो सकता है। लोगों को साफ हवा, पानी, पर्याप्त भोजन, वस्त्र, आवास, शिक्षा और चिकित्सा मुहैया कराने के लिहाज से अर्थव्यवस्था का आकार महत्त्वपूर्ण हो सकता है, लेकिन यह निर्णायक पहलू नहीं है। असल में प्रति व्यक्ति जीडीपी का पैमाना भी नाकाफी है, क्योंकि इस औसत में आर्थिक विषमता की वास्तविक स्थिति की झलक नहीं मिलती। वैसे इस कसौटी पर भारत दुनिया 140वें नंबर पर है।

## संभल जाऐं, बच्चों के भाषा विकास में मोबाइल न बन जाऐ बाधक

2007 में स्मार्टफोन आया व लोगों के रोजमर्रा की जिंदगी का एक अभिन्न हिस्सा बन गया है। यह बच्चों के भाषा विकास को प्रभावित करता है। माता–पिता अपने बच्चों की उपस्थिति में स्मार्टफोन का उपयोग करते हैं तो उनका ध्यान फोन पर ही केंद्रित होता है। जिसके कारण माता–पिता और बच्चों के बीच बातचीत में बाधा उत्पन्न होती है। माता–पिता की स्क्रीन आदतें बच्चों के भाषा सीखने में 16त्न तक की कमी ला सकती हैं। शिशु अवस्था व बचपनावस्था मूलभूत भाषा कौशल सीखने के लिए महत्वपूर्ण समय होता है। छोटे बच्चे अपने माता–पिता से ही नहीं बल्कि अपने आसपास के लोगों से, खिलौनों से व किताबों सिखते हैं। स्क्रिन वन–वे कम्युनिकेशन है। 0–2 वर्ष तक स्क्रीन टाइम शून्य और 2–5 वर्ष तक अधिकतम 1 घंटा होना चाहिए।

बच्चों के भाषा विकास पर मोबाइल के उपयोग का नकारात्मक प्रभाव पडता है। जैसे– सुनने में देरी, बोलने में देरी, ध्यान की कमी, शब्दावली में कमी व संवाद कौशल कमजोर होना। स्क्रीन टाइम अधिक होने के कारण बच्चों का माता –पिता व अन्य के साथ बातचीत कम होती है, जो भाषा विकास में बाधा डालती है। स्क्रीन वातावरण में सीखी गई जानकारी को वास्तविक दुनिया में उपयोग करना बच्चों के लिए बेहद मुश्किल होता है, क्योंकि उनमें यह क्षमता लगभग तीन साल की उम्र में विकसित नहीं होती। इससे कम उम्र के बच्चों में एक संदर्भ से दूसरे संदर्भ में सीखने को स्थानांतरित करने की क्षमता की कमी होती है।

भाषा विकास में मोबाइल का नकारात्मक प्रभावरू–बोलने में देरीरू– स्क्रीन समय का अधिक होना (प्रतिदिन 1 घंटे से अधिक) बच्चों में भाषा के खराब विकास, अभिव्यक्ति व भाषा कौशल में कठिनाई उत्पन्न करता है। बच्चे देर से बोलना शुरू करते हैं।

संवाद में कमीरू– जब बच्चे स्क्रीन पर अधिक लगे रहते हैं, तो वे वयस्कों से कम बातचीत करते हैं और भाषा का आदान–प्रदान कम होता है जो भाषा सीखने के लिए आवश्यक है।माता–पिता से जुड़ाव में कमी रू– माता–पिता द्वारा फोन का उपयोग करने से बच्चों के साथ उनकी बातचीत कम होती है, जिससे बच्चों का भाषा विकास प्रभावित होता है।

# बंगाल विजयः संघ की जमीनी साधना शांति से शक्तितक

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि राजनीति केवल बड़े मंचों, विशाल रैलियों और जोरदार नारों से तय नहीं होती। कई बार असली लड़ाई उन स्तरों पर लड़ी जाती है, जहां न कैमरे पहुंचते हैं और न ही जमीनी प्रयास सुर्खियां बनती हैं। इस बार के चुनाव में एक ऐसी ही खामोश रणनीति कारगर साबित हुई है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ऐतिहासिक, अद्भुत, अविस्मरणीय एवं करिश्माई जीत के पीछे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संघ) की बहुत बड़ी भूमिका रही है। निश्चिततौर पर इस शानदार जीत के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह मुख्य भूमिका में हैं। लेकिन बंगाल में ममता बनर्जी की मजबूत चुनौती के सामने भाजपा की जीत के लिए संघ लंबे समय से मेहनत कर रही थी और उसकी वह मेहनत ही जीत का सशक्त माध्यम बनी है। पश्चिम बंगाल में लगातार चल रही हिन्दू विरोधी गतिविधियों एवं मुसलमानों के बढ़ते वर्चस्व को देखते हुए संघ ने इस चुनाव के मद्देनजर बहुत पहले से ही कमर कस ली थी, संघ ने पश्चिम बंगाल में 1.75 लाख से अधिक छोटी–बड़ी बैठकें आयोजित कीं। पिछले 15 सालों में संघ ने पश्चिम बंगाल में तेजी से विस्तार किया है और एक मजबूत 'हिंदू वोट बैंक' तैयार किया है। पश्चिम बंगाल में पिछले 15 वर्षों में संघ की शाखाओं की संख्या 900 से बढ़कर 5,000 तक पहुंच गई है। संघ के स्वयंसेवकों ने पश्चिम बंगाल में घर–घर जाकर 'बंग बचाओ' इस थीम पर 'मतदाता जागरूकता अभियान' चलाया। संघ की माइक्रो प्लानिंग ने बंगाल में भाजपा को ऐतिहासिक बढ़त दिलाई और सत्ता परिवर्तन का माध्यम बनी। पश्चिम बंगाल चुनाव भाजपा के लिए एक ऐतिहासिक 'मील का पत्थर' और ऐतिहासिक सफलता साबित हुआ।पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि राजनीति केवल बड़े मंचों, विशाल रैलियों और जोरदार नारों से तय नहीं होती। कई बार असली लड़ाई उन स्तरों पर लड़ी जाती है, जहां न कैमरे पहुंचते हैं और न ही जमीनी प्रयास सुर्खियां बनती हैं। इस बार के चुनाव में एक ऐसी ही खामोश रणनीति कारगर साबित हुई है। जहां एक ओर ममता बनर्जी और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का आक्रामक चुनाव प्रचार केंद्र में रहा, वहीं दूसरी ओर संघ से जुड़े कार्यकर्ताओं ने अपेक्षाकृत शांत रहकर 'निःशब्द विप्लव' या 'मूक क्रांति' को अंजाम देते हुए जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने पर ध्यान दिया। बंगाल की अस्मिता, विकास और सांस्कृतिक पहचान जैसे मुद्दों को आधार बनाकर जनजागरण अभियान चलाया गया। इस दौरान महिला, युवा, प्रबुद्ध वर्ग, किसान, श्रमिक और अनुसूचित जाति–जनजाति समुदायों तक अलग–अलग तरीकों से पहुंचने की कोशिश की गई।निश्चिततौर पर पश्चिम बंगाल की राजनीति ने वर्ष 2026 में जो ऐतिहासिक करवट ली, वह केवल सत्ता परिवर्तन की घटना नहीं है, बल्कि एक गहरे सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक परिवर्तन का संकेत भी है। लंबे समय तक वामपंथी प्रभाव और उसके बाद ममता बनर्जी के नेतृत्व में ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस का वर्चस्व रहा, लेकिन इस बार जनमत ने जिस प्रकार से भाजपा के पक्ष में निर्णायक रूप से झुकाव दिखाया, उसने स्थापित राजनीतिक धारणाओं को चुनौती दी है।

# स्मार्ट, संवहनीय, बेजोड़ टेक्निकल टेक्सटाइल इस तरह बुन रहे हैं फुटवियर में भारत का भविष्य'

गिरिराज सिंह

आत्मनिर्भर भारत का मतलब सिर्फ उत्पादन में आत्मनिर्भरता ही नहीं, बल्कि वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में नेतृत्व भी हासिल करना है। कुछेक क्षेत्रों ने ही इस अवसर का फुटवियर की तरह स्पष्ट रूप से उपयोग किया है। फुटवियर रोजमर्रा की जिंदगी में काम आने वाली सबसे आम वस्तुओं में से एक है। इसका इस्तेमाल स्कूली बच्चों, लंबी पाली में काम करने वाले कामगारों और लगातार भागमभाग कर सामान की डिलीवरी करने वालों से लेकर अपनी शारीरिक सीमाओं से आगे जाने वाले एथलीट तक करते हैं। भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा फुटवियर उत्पादक है। इसके बावजूद वैश्विक फुटवियर निर्यात में हमारी हिस्सेदारी बहुत कम है।

यह अंतर क्षमता की कमी के कारण नहीं, बल्कि मटेरियल (सामग्री), डिजाइन और कार्य प्रदर्शन के प्रति दृष्टिकोण बदलने की आवश्यकता के कारण है। इस बदलाव के केंद्र में एक ऐसी श्रेणी भी है जिस पर अक्सर लोगों का ध्यान नहीं जाता, वह है–तकनीकी वस्त्र (टेक्निकल टेक्सटाइल)। मैंने इसे हाल ही में अपनी आगरा यात्रा के दौरान और अधिक स्पष्टता से समझा। आगरा अपने जूतों और चप्पल के लिए जाना जाता है। वहां के उत्पादन समूहों में घूमते हुए और निर्माताओं से बातचीत करते हुए यह स्पष्ट हो गया कि वहां इनके उत्पादन में नवाचार पहले से ही किया जा रहा है। कई इकाइयाँ ऐसी सामग्रियों का उपयोग कर रही थीं जो बहुत आरामदायक, टिकाऊ और नरम जूते बना रही हैं। लेकिन इनमें से कइयों ने इन्हें टेक्निकल टेक्सटाइल के रूप में नहीं बताया। उन सब ने इन्हें सिर्फ ऐसे बेहतर आदानों के रूप में देखा जो उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करते हैं।दिल्ली में फुटवियर संघ के साथ हुई एक बैठक के दौरान यह समझ और गहरी हुई। उद्योग जगत के हितधारकों ने उपभोक्ताओं की बदलती अपेक्षाओं के बारे में बताया, जैसे उपभोक्ता अब हलके, बेहतर कुशनिंग वाले, हवादार और टिकाऊ जूते पसंद करते हैं। ये अब केवल महंगे उत्पादों की विशेषताएं नहीं रह गई, बल्कि मानक जरूरतें बनती जा रही थीं। इसी चर्चा के दौरान मेरे विभाग ने एक महत्वपूर्ण बिंदु पर प्रकाश डालारू फुटवियर उद्योग पहले से ही टेक्निकल टेक्सटाइल का व्यापक रूप से उपयोग कर रहा है, भले ही इसे औपचारिक रूप से मान्यता न दी गई हो।

उस अहसास ने पूरी चर्चा का स्वरूप ही बदल दिया। वैश्विक स्तर पर, फुटवियर उद्योग सालाना लगभग 23.9 बिलियन जोड़ी जूतों का उत्पादन करता है, जिसका बाजार आकार करीब 500 बिलियन अमरीकी डॉलर है। भारत वैश्विक उत्पादन में लगभग 12.5 प्रतिशत का योगदान देता है, फिर भी निर्यात में इसकी हिस्सेदारी केवल 2 प्रतिशत है। यह आंकड़ा हमारी क्षमता और वैश्विक स्थिति के बीच के स्पष्ट अंतर को दर्शाता है। साथ ही, दुनिया भर के लगभग 86 प्रतिशत फुटवियर नॉन–लेदर (गैर–चमड़ा) हैं, जबकि भारत का उद्योग परंपरागत रूप से चमड़े पर केंद्रित रहा है।

देश में भी स्थिति तेजी से बदल रही है। साल 2025 में भारतीय फुटवियर बाजार का आकार 20.67 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुँच गया, जो बढ़ती आय और उपभोक्ता की बदलती प्रवृत्तियों को दर्शाता है। हालाँकि, एक औसत भारतीय अभी भी साल भर में लगभग 2 जोड़ी जूते ही खरीदता है, जबकि वैश्विक औसत 7 से 8 जोड़ी का है। जैसे–जैसे खरीदने की क्षमता बढ़ेगी, उपभोक्ताओं की पसंद आराम और बेहतर प्रदर्शन होगी। इसे देखते हुए घरेलू बाजार का विस्तार और भी व्यापक होने की उम्मीद है।यही वह बिंदु है जहाँ तकनीकी वस्त्र (टेक्निकल टेक्सटाइल) विकास के अगले चरण के लिए महत्वपूर्ण बन जाते हैं। वस्त्र मंत्रालय में, इस परिवर्तन को स्मार्ट, टिकाऊ और निर्बाध फ्रेमवर्क के माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है। स्मार्ट फुटवियर तकनीक और डिजाइन के बढ़ते एकीकरण को दर्शाते हैं। डिजिटल टूल्स, एआई आधारित मॉडलिंग और फुट स्कैनिंग के माध्यम से अब बड़े पैमाने पर व्यक्तिगत जरूरतों के अनुरूप समाधान संभव हो पा रहे हैं। यह रुझान व्यापक रूप से उपभोक्ताओं की जरूरतों और फैशन के अनुरूप है। वर्ष 2025 में, भारत में 28.9 मिलियन स्मार्टवॉच की बिक्री दर्ज की गई, जिससे 780 मिलियन अमरीकी डॉलर का राजस्व प्राप्त हुआ। यह उन उत्पादों के प्रति बढ़ती पसंद को दर्शाता है जो दैनिक उपयोग के साथ–साथ आज के समय के अनुरूप भी हों। स्नीकर (हलके रबड़ के जूते) श्रेणी के जूते इस बदलाव को और अधिक स्पष्ट रूप से दिखाते हैं। अनुमान है कि यह वर्ष 2024 के 3.2 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 2030 तक यह लगभग 6 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुँच जायेंगे, जिसमें इसकी मात्रा 55 मिलियन जोड़ी से बढ़कर 70 मिलियन जोड़ी हो जाएगी। उपभोक्ता स्पष्ट रूप से ऐसे फुटवियर खरीद रहे हैं जो आरामदायक हों और देखने में भी सुन्दर हों और यहीं पर तकनीकी वस्त्र एक निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

संवहनीयता भी एक निर्णायक कारक बनता जा रहा है। ष्पुनर्चक्रित पीईटी प्लास्टिक और बायोडिग्रेडेबल फाइबर जैसे पदार्थ धीरे–धीरे उत्पादन की मुख्यधारा में प्रवेश कर रहे हैं। भारत के लिए, यह न केवल एक पर्यावरणीय अनिवार्यता है, बल्कि वैश्विक बाजारों में खुद को संवहनीय सामग्री के आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित करने का एक रणनीतिक अवसर भी है। इसी तरह, निर्बाध विनिर्माण की दिशा में बढ़ते कदम भी परिवर्तनकारी साबित हो रहे हैं। 3डी बुनाई और उन्नत निर्माण जैसी तकनीकें कचरे को कम कर रही हैं, दक्षता में सुधार कर रही हैं और उत्पादन चक्र को तेज कर रही हैं। इससे निर्माता निरंतरता और गुणवत्ता बनाए रखते हुए उपभोक्ता की बदलती मांगों के प्रति अधिक प्रभावी ढंग से उत्पादन करने में सक्षम हो रहे हैं।इस बदलाव को और भी मजबूत बनाने वाली बात है भारत के मौजूदा इकोसिस्टम का पैमाना। फुटवियर उद्योग में पहले से ही 20 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिला हुआ है, जिसमें लगभग 50 प्रतिशत महिलाएँ हैंय इस वजह से यह समावेशी रोजगार का एक बड़ा जरिया बन गया है। लगभग 2.9 अरब जोड़ी जूतों के सालाना उत्पादन के साथ, भारत में प्रति श्रमिक उत्पादकता लगभग 4 से 5 जोड़ी प्रतिदिन है। इसकी तुलना में, वैश्विक उत्पादन में कहीं ज्यादा दक्षता देखने को मिलती है, जहाँ मजदूर प्रतिदिन लगभग 17 से 20 जोड़ी जूते बनाते हैं। आगरा, कानपुर, चेन्नई, रानीपेट, अंबूर और कोलकाता में स्थापित क्लस्टर्स न केवल उत्पादन के केंद्र हैं, बल्कि वे आधार भी हैं जिन पर भारत फुटवियर क्षेत्र में अपनी दक्षता, प्रतिस्पर्धात्मकता और वैश्विक नेतृत्व को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। टेक्निकल टेक्सटाइल की ओर यह बदलाव किसी नए उद्योग को खड़ा करने के बारे में नहीं है, बल्कि एक मौजूदा उद्योग की पूरी क्षमता को उजागर करने के बारे में है। आगरा की यात्रा और दिल्ली में हुई चर्चाओं से एक सरल लेकिन प्रभावशाली अंतर्दृष्टि सामने आईकृफुटवियर में टेक्निकल टेक्सटाइल कोई उभरती हुई अवधारणा नहीं है। वे पहले से ही इस उद्योग का हिस्सा हैं और चुपचाप फुटवियर उत्पादों को बनाने और तैयार करने में बेहतर योगदान कर रहे हैं।

आगे का काम इस एकीकरण को पहचानना, व्यवस्थित करना और इसका विस्तार करना है। फुटवियर क्षेत्र को टेक्निकल टेक्सटाइल्स इकोसिस्टम के दायरे में और ज्यादा स्पष्ट रूप से लाने से नवाचार को बढ़ावा मिल सकता है, निर्यात बढ़ सकता है और उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। इससे भारत की मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं को वैश्विक मांग के रुझानों के साथ, खासकर नॉन–लेदर और परफॉर्मेंस–आधारित श्रेणियों में, तालमेल बिठाने में भी मदद मिल सकती है।वैश्विक विनिर्माण क्षेत्र में अग्रणी बनने की भारत की यात्रा इस बात पर निर्भर करेगी कि वह पारंपरिक उद्योगों, उन्नत सामग्रियों और आधुनिक डिजाइन के संगम का कितनी प्रभावी ढंग से लाभ उठाता है। फुटवियर ऐसा ही एक संगम है। टेक्निकल टेक्सटाइल वह सूत है जो इस अवसर को एक वैश्विक सफलता की कहानी में पिरोने में मदद कर सकता है।'(लेखक केंद्रीय वस्त्र मंत्री हैं। लेख में व्यक्त लेखक के निजी विचार हैं)'

# आज का राशिफल

मेष राशि–
आज का दिन आपके लिए नए उत्साह से भरा रहने वाला है। किसी कंपनी के शेयर खरीदने के लिए आप किसी एक्सपर्ट की सलाह ले सकते है।

वृष राशि–
आज का दिन आपका खुशहाल रहने वाला है। आज आपका मनोबल बढ़ेगा। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज प्रॉपर्टी डीलर्स से मुलाकात करेंगे और कोई बढ़िया डील फाइनल करेंगे।

मिथुन राशि–
आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिलेगा,जिसको आप किसी जरूरी काम में लगायेंगे।

कर्क राशि–
आज आपका दिन मंगलकारी होने वाला है। आज ऑफिस में स्टाफ के साथ अच्छा व्यवहार करेंगे जिससे कार्यों में आपको उनका सहयोग मिलेगा।

सिंह राशि–
आज आप अपने दिन की शुरुआत बहुत ही उत्साह से करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र अपनी पढ़ाई जारी रखेंगे,

कन्या राशि–
आज आपका दिन बेहतर रहने वाला है। आज किसी नए व्यापार को शुरू करने से पहले उसके बारे में गंभीरता से जान लेना जरूरी है,

तुला राशि–
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपका कॉन्फिडेंस लेवल अच्छा रहेगा। आपकी बेटी का सेलेक्शन आज सरकारी जॉब में होगा।

वृश्चिक राशि–
आज आपका मनोबल अच्छा रहेगा। आज सरकारी जॉब कर रहे लोगों की पदोन्नति के योग बन रहें है, सैलरी बढ़ेगी।

धनु राशि–
आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

मकर राशि–
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज कोई शुभ समाचार मिलेगा जिसकी खुशी आप अपने दोस्तों के साथ शेयर करेंगे।

कुंभ राशि–
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी मांगलिक कार्यक्रम में जाने का अवसर मिलेगा।

मीन राशि–
आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपका व्यवहार विनम्र बना रहेगा, जिससे लोग आपसे प्रभावित होंगे। आज भी कारोबार शुरू करने से पहले एक्सपर्ट्स की सलाह ले जिससे आपको उसके बारे में फुल इनफॉर्मेशन पता हो जाएगी, उसी के एकार्डिंग आप अपनी योजनाओ को बनायेंगे। आज परिवार वालों के साथ मिलकर किसी मांगलिक कार्यक्रम में जायेंगे। आज आपका दांपत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

# जनसंघर्ष की बुलंद आवाज खामोश, नही रहे पूर्व विधायक डा. बी. के. मिश्रा, क्षेत्र में शोक की लहर

कुशीनगर,(आरएनएस)। जनपद के पडरौना सदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक, प्रखर समाज सेवी और जनसंघर्ष के प्रतीक डॉ. बी. के. मिश्रा का बुधवार को अपराह्न 1 बजकर 10 मिनट पर निधन हो गया। उनके देहावसान की खबर मिलते ही पूरे कुशीनगर जनपद सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की गहरी लहर दौड़ गई। हर वर्ग, हर तबके के लोग स्तब्ध हैं। राजनीतिक, सामाजिक और आम जनमानस में उनके प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की जा रही है।

डॉ. मिश्रा वर्ष 1980 से 1984 तक पडरौना विधानसभा के विधायक रहे। यह वह दौर था जब राजनीति में जनसेवा का भाव सर्वोपरि हुआ करता था और डॉ. मिश्रा ने इसे न सिर्फ जिया, बल्कि अपने कार्यों से साबित भी किया। अपने कार्यकाल में उन्होंने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं जैसे सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और किसानों के मुद्दों को मजबूती से उठाया। वह सदन में जितने मुखर थे, जमीन पर उतने ही सक्रिय और संवेदनशील |उनकी सबसे बड़ी पहचान रही जनसंघर्ष। चाहे गरीबों के हक की लड़ाई हो, किसानों की समस्याएं हों या फिर सामाजिक अन्याय के खिलाफ आवाज उठानी हो, डॉ. मिश्रा हमेशा अग्रिम पंक्ति में खड़े नजर आते थे। वे सत्ता को सेवा का माध्यम मानते थे, न कि सुविधा का साधन। यही कारण रहा कि राजनीति से दूर होने के बाद भी जनता के दिलों में उनका स्थान कभी कम नहीं हुआ। डॉ. मिश्रा का जीवन सादगी, ईमानदारी और संघर्ष की मिसाल था। उन्होंने कभी भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य के मुद्दे पर की गयी उनकी पहल आज भी लोगों द्वारा याद की जाती हैं। वह उन नेताओं में से थे, जिनके दरवाजे आम आदमी के लिए हमेशा खुले रहते थे |उनके निधन से न केवल एक राजनीतिक व्यक्तित्व का अंत हुआ है, बल्कि एक ऐसे युग का भी समापन हुआ है, जिसमें जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती थी। क्षेत्र के बुजुर्ग आज भी उनके साथ बिताए पलों को याद कर भावुक हो उठते हैं, तो युवा पीढ़ी उन्हें एक प्रेरणा के रूप में देखती है। परिवार में वे अपने पीछे एक पुत्र, बहू, दो पौत्र और एक पौत्री छोड़ गए हैं।

# जनगणना 2027 की तैयारियां तेज, 07 से 21 मई तक चलेगा स्वगणना अभियान- डीएम

कुशीनगर,(आरएनएस)। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि भारत सरकार, गृह मंत्रालय के निर्देशों के क्रम में जनगणना 2027 की तैयारियों को गति देते हुए जनपद में 07 से 21 मई तक स्व–गणना अभियान संचालित किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न विभागों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों की सहभागिता से व्यापक कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

जिलाधिकारी ने बताया कि स्व–गणना से पूर्व दिनांक 06 मई तक जनपद में व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाएगा। इसके अंतर्गत सेल्फी प्वाइंट, बैनर, पोस्टर, जनजागरूकता कार्यक्रम आदि आयोजित किए जाएंगे तथा उनकी प्रतिदिन की फोटो जिला पंचायत राज अधिकारी को उपलब्ध कराई जाएगी। ग्राम एवं ब्लॉक स्तर पर गतिविधियो में ग्राम प्रधान, शिक्षक, विद्यालय प्रधानाचार्य, आईटीआईध्पॉलिटेक्निक संस्थानों के प्रधानाचार्य, आशा एवं एएनएम कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह, पंचायत सचिव, लेखपाल, सीएससीध्जन सेवा केंद्र संचालक, एनसीसीध्एनएसएसध्युवा स्वयंसेवक आदि को स्व–गणना अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए हैं। ग्राम प्रधान इस अभियान के प्रथम दिन स्वयं स्व–गणना कर उदाहरण प्रस्तुत करेंगे तथा ग्रामीणों को प्रेरित करेंगे। विद्यालयों में सभाओं, पेंटिंगध्रंगोली प्रतियोगिताओं एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से स्व–गणना का संदेश दिया जाएगा। महिला एवं सामुदायिक सहभागिता में आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वयं सहायता समूह की बैठकों में महिलाओं को स्व–गणना पोर्टल के उपयोग की जानकारी दी जाएगी तथा आवश्यकता अनुसार परिवारों की सहायता की जाएगी। डिजिटल सहायता एवं विशेष अभियान में सीएससी एवं जन सेवा केंद्रों पर आने वाले नागरिकों को स्व–गणना में सहायता प्रदान की जाएगी। शहरी झुग्गी–झोपड़ियों एवं दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों में कम डिजिटल साक्षरता वाले परिवारों को विशेष सहयोग दिया जाएगा। व्यापारिक एवं औद्योगिक सहयोग मे कोटेदार, गैस एजेंसी, पेट्रोल पंप, व्यापारिक प्रतिष्ठान एवं उद्योग इकाइयों को 06 मई तक व्यापक प्रचार–प्रसार करने तथा 07 से 21 मई के मध्य अपने यहां आने वाले नागरिकों को स्व–गणना के लिए प्रेरित एवं सहायता करने के निर्देश दिए गए हैं। नगरीय एवं विभागीय दायित्व में नगर निकाय, बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, होमगार्ड एवं अन्य संबंधित विभागों को अपने–अपने क्षेत्र में अधिकतम स्व–गणना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। तहसील एवं विकास खंड स्तर पर निगरानी में तहसीलदारध्नायब तहसीलदार अपने–अपने क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों को स्व–गणना हेतु प्रेरित करेंगे। विकास खंड स्तर पर 02 से 06 मई के बीच सभी ग्राम पंचायतों में खुली बैठकों का आयोजन कर जागरूकता बढ़ाई जाएगी, एवं 07 मई से 21 मई के मध्य सभी प्रधान,बीडीसी,जिला पंचायत सदस्य, से स्व गणना कराएंगे,तथा अपने क्षेत्र में आम जन से स्व गणना कराएंगे।

जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अभियान को जन आंदोलन का रूप देते हुए अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करें।

# यश विद्या मंदिर में छात्र परिषद का हुआ गठन

–विद्यालय परिसर में शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन

अयोध्या। यश विद्या मंदिर में छात्र परिषद गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ किया गया। विद्यालय द्वारा आयोजित इस प्रक्रिया में छात्रों को अधिनायको को चुनने का अवसर प्राप्त होता है। छात्र संघ छात्रों को नेतृत्व कौशल और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में मदद के साथ उम्मीदवारों के मतदान में छात्रों की भागीदारी बढ़ाने एवं विद्यालय में लोकतांत्रिक मूल्य को स्वच्छंद रूप से निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करता है। छात्र परिषद के अंतर्गत 6 समितियां है जिसमें बच्चे समिति संबंधी कार्यों का उत्तरदायित्व लेकर निर्वहन करते हैं। सर्वप्रथम बच्चे समिति प्रमुख शिक्षकों के साथ मिलकर उम्मीदवार बच्चों का नामांकन किया गया। चुनाव प्रक्रिया के आयोजन में समिति प्रमुख की ओर से शिवेंद्र , अश्वनी, सावन, स्वप्निल, नीलम , पूनम,तथा विकास के साथ छात्रों ने छात्र परिषद चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न किया। उम्मीदवारों के चयन के पश्चात विद्यालय में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया स कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी भगवान बक्श सिंह ने छात्रों को उनके उत्तरदायित्व हेतु शपथ दिलाई। उन्होंने बच्चों को उनके नए पद भार के लिए बधाई दी तथा कर्तव्य बोध के व्यवस्थित संचालन एवं स्वतंत्र लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने हेतु मार्ग प्रशस्त किया। विद्यालय की प्राचार्य सरिता त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि को धन्यवाद देते हुए कहा कि विशिष्ट जनों के द्वारा दिए गए मूल मंत्रों की विचारशीलता की गंभीरता को बच्चे समझे तथा समावेशी भाव से अनुग्रहित करें । समारोह के इस सुनहरे पल के साक्षी छात्रों की आंखों की चमक उनके कर्तव्य बोध को उजागर कर रही थी।

# भाजपा नेता दीपू रावत ने ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार पर विभिन्न स्थानों पर प्रसाद ग्रहण किया सामाजिक सेवा में हमेशा आगे रहते हैं

लखनऊ। भाजपा जिला उपाध्यक्ष,अनुसूचित मोर्चा एवं सामाजिक कार्यकर्ता दीपू रावत ने आज ज्येष्ठ मास के प्रथम मंगलवार के पावन अवसर पर बीकेटी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आयोजित भंडारों में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर भगवान बजरंगबली बाबा महाराज के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। जय बजरंगबली' के उद्घोष के साथ दीपू रावत ने श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया और सभी के सुख–समृद्धि की कामना की।लगातार समाज सेवा में सक्रिय दीपू रावत सिर्फ भाजपा नेता ही नहीं, बल्कि एक समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। वे लगातार समाज सेवा में लगे रहते हैं। कभी विधवा महिलाओं का सहयोग'करते हैं, तो 'कभी गरीबों की मदद के लिए आगे आते हैं। अपने निजी संसाधनों से भी वे विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्य करते रहते हैं क्षेत्रीय जनता के बीच दीपू रावत की छवि एक 'जमीन से जुड़े नेता और सच्चे समाजसेवी की है।

# युवक की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या

अयोध्या। जनपद के थाना महराजगंज इलाके के मड़ना गांव में सोमवार की देर शाम एक युवक की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी गयी। मृतक की पहचान गांव निवासी विनय कुमार यादव28पुत्र शम्भू नारायण के रूप में हुई। मामले में मृतक के भाई पवनकुमार की तहरीर पर दो सगे भाई सहित दो अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया |तहरीर के मुताबिक सोमवार की देर शाम झिल्लू का पुरवा मड़ना में रात्रि आठ बजे उसका भाई विनय अपने घर पर मौजूद था |आरोप है कि उसी समय गांव निवासी रोहित यादव व विनोद यादव पुत्रगण रामकृपाल यादव अपने दो अन्य साथियों के साथ आये और शराब के नशे में अपशब्द कहना शुरू कर दिया |जब उसने इसका विरोध किया तो चारो ने मिलकर धारदार हथियार(कुल्हाही)से हमला कर दिया |जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया |गम्भीर रूप से घायल विनय को परिजनों ने मंडलीय चिकिसालय दर्शननगर ले गए जंहा चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया |वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए |सूचना पर एसपीआरए बलवंत चौधरी पुलिस बल के साथ पहुंचे और मौके जायजा लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया |मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतक का अंतिम संस्कार दिलासीगंज घाट पर कर दिया गया। एसपीआरए ने बताया कि नामजद आरोपी रोहित व विनोद को हिरासत के लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है |प्रारंभिक पड़ताल में मामला आपसी विवाद से जुड़ा माना जा रहा है,हालांकि पुलिस हर पहलू पर पड़ताल कर रही है।

# साइकिल सवार को रौंदते हुए अनियंत्रित डबल डेकर बस गढ्ढे में पलटी, पति-पत्नी की मौत

अयोध्या। लखनऊ हाईवे पर मंगलवार को रुदौली कोतवाली क्षेत्र में एक डबल डेकर बस एक साइकिल सवार को रौंदते हुए अनियंत्रित होकर गढ्ढे में पलट गई। हादसे में साइकिल सवार पति पत्नी समेत कई घायल हो गए और मौके पर चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजवाया। हादसे में पति पत्नी की मौत हुई है। वाराणसी में पंजीकृत एक डबल डेकर बस मंगलवार को लखनऊ से अयोध्या की ओर आ रही थी। इसी दौरान दोपहर बाद लगभग एक बजे हाईवे पर रुदौली कोतवाली क्षेत्र के रौजागांव चीनी मिल के पास बस अनियंत्रित होकर सड़क से गड्ढे मे चली गई और पलट गई। बस कि चपेट में आकर राजकुमारी रावत (उम्र 55 वर्ष) पत्नी राम सजीवन,इनके पति राम सजीवन रावत (60 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय सुखई रावत निवासीगण चौहान का पुरवा थाना पटरंगा जनपद अयोध्या तथा जितेंद्र यादव पुत्र सत्यप्रकाश यादव निवासी मटौली का पुरवा थाना पटरंगा जनपद अयोध्या आदि घायल हो गए। घटना के समय मृतक राम सजीवन तथा मृतका राजकुमारी रावत दोनों लोग साइकिल से रुदौली कस्बे की तरफ जा रहे थे। बस में कुल 16 यात्री सवार थे,जिनमें से कुछ को मामूली चोट आई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली भेजवाया। जहां पर डॉक्टरों ने राजकुमारी पत्नी राम सजीवन तथा राम सजीवन पुत्र स्वर्गीय सुखई को मृत घोषित कर दिया,वहीं जितेंद्र यादव (उम्र लगभग 22 वर्ष) पुत्र सत्य प्रकाश यादव को हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है। सीओ रुदौली आशीष निगम ने बताया कि मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है। अभी मामले में कोई तहरीर न मिलने के कारण कोई लिखा पढ़ी नहीं हुई है।

# रोड प्लांट आर्मी द्वारा पौधारोपण

राजेंद्र नगर स्थित स्वामी विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर में रोड प्लांट आर्मी द्वारा पौधारोपण किया गया। रोड प्लांट आर्मी पूर्व छात्रों एवं वर्तमान छात्रों को मिलाकर बना एक संगठन है। जिसकी नींव 5 जून 2023 को विद्यालय में पर्यावरण विभाग की प्रमुख श्रीमती सरिता त्यागी जी एवं विद्यालय के कुछ विद्यार्थियों द्वारा रखी गई। इस संगठन का उद्देश्य सड़क पर या आस पास जहां पौधे नहीं हैं वहां पौधे लगाना एवं उनकी तीन से पांच साल तक देख रेख करते हुए उनकी पेड़ बनने में मदद करना है |इस आर्मी का नारा है। ष्सभी को ताप्ती धूप में छाया एवं पर्यावरण को बढ़ावा' ष्नवीन सत्र में विद्यालय के प्रधानाचार्य आदरणीय जगदीश रघुवंशी जी के दिशा निर्देशन में इस आर्मी द्वारा गोलपार्क सेक्टर 3 में नीम,आम,जामुन एवं बरगद के पौधे लगाए गए।




# आधार कार्ड,मशीन खराब होने से डाकघर में नहीं बन पा रहे आधार कार्ड, क्षेत्र कि जनता परेशान

जय प्रकाश मिश्रा विजडम इंडिया जिला संवाददाता जौनपुर

जौनपुर धनियामऊ सरायहरखू डाकघर में लगी आधार कार्ड की मशीन खराब होने से आधार कार्ड बनवाने वाले और उनमें सुधार करवाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है डाकघर में लगी मशीन की महीनों से खराब है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। इस समस्या के कारण सबसे अधिकारी कि लापरवाही दिखाई दे रही है क्षेत्र में बुजुर्गों और महिलाओं को समस्या हो रही है। महिलाओं अपने घरों के कामकाज को पूरा करने के बाद आधार कार्ड बनवाने के लिए पोस्ट ऑफिस में आ रही हैं। लेकिन विभाग के कर्मचारी उन्हें दो दिन तीन दिन का समय देकर लौटा रहे हैं। इससे महिलाओं को अपनी गृहस्थी का काम छोड़कर दोबारा से आधार कार्ड सेंटर पर पहुंचना पड़ रहा है। डाकघर में आधार कार्ड बनवाने के लिए आने वाले लोग पिछले कई महीनों से परेशान हो रहे हैं जिसको लेकर जनता में नाराजगी है।

# आज के समय में जिस तरह से युवाओं में नशे की लत बढ़ रही है

जय प्रकाश मिश्रा विजडम इंडिया जिला संवाददाता जौनपुर

आज के समय में समाज के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण चेतावनी है नशा सीधे तौर पर युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल रहा है चेतावनी मुंह का कैंसर और नशे की बढ़ती लत मुंह का कैंसर अचानक नहीं होता, यह हमारी गलत आदतों का संचयी परिणाम है। यदि समय रहते लक्षणों को पहचान लिया जाए, तो जीवन बचाया जा सकता है इन लक्षणों को कभी न करें नजरअंदाज



लंबे समय तक छाले मुंह का कोई छाला 14 दिनों से ज्यादा समय तक ठीक न हो।

रंग में बदलाव मुंह के अंदर सफेद या लाल धब्बे दिखना खुलने में दिक्कत यदि मुंह पूरी तरह से नहीं खुल रहा हो या चबाने–बोलने में परेशानी हो असामान्य गांठ गले या मसूड़ों में किसी भी तरह की बिना दर्द वाली गांठ।

कैंसर के प्रमुख कारण तंबाकू और गुटखा निकोटीन और अन्य रसायन कोशिकाओं के डीएनए को नष्ट कर कैंसर पैदा करते हैं शराब यह मुंह की संवेदनशील त्वचा को सुखा देती है, जिससे जहरीले तत्व आसानी से अवशोषित हो जाते हैं नुकीले दांत टूटे हुए या नुकीले दांतों से लगातार होने वाली रगड़ भी कैंसर का कारण बन सकती है वायरस असुरक्षित जीवनशैली और वायरस संक्रमण बचाव के सुनहरे नियम नशे से पूर्ण दूरी गुटखा, खैनी, सिगरेट और शराब का पूर्ण त्याग पौष्टिक आहार विटामिन–ब और एंटीऑक्सीडेंट युक्त फल व सब्जियों का सेवन नियमित डेंटल चेकअप हर 6 महीने में डेंटिस्ट से मुंह की जांच करवाएं साफ–सफाई दिन में दो बार ब्रश करें और जीभ की सफाई का ध्यान रखें।

डॉ. विकास पाण्डेय का साफ कहना है कि ष्जागरूकता ही बचाव है। यदि आप अपने मुंह में कोई भी असामान्य बदलाव देखते हैं, तो उसे श्मामूलीश समझकर नजरअंदाज न करें। शुरुआती जांच ही कैंसर के सबसे बड़ा हथियार है।

# अवध विवि की सम सेमेस्टर परीक्षा शुरू अनियमितता पर परीक्षा केन्द्र निरस्त

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी के तहत स्नातक एवं परास्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षाएं मंगलवार से तीन पालियों में शुरू हो गईं। परीक्षा के प्रथम दिन कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने अम्बेडकरनगर और अयोध्या के केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राम समुक्ष महाविद्यालय, रतनपुर (अम्बेडकरनगर) एवं कल्पना शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय हैदरगंज अयोध्या परीक्षा केन्द्र पर अनियमितताएं पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई करते हुए केन्द्र को निरस्त कर दिया गया। वहीं राम समुक्ष महाविद्यालय, रतनपुर (अम्बेडकरनगर) केन्द्र की सभी परीक्षाएं अब कर्मयोगी रामसूरत त्रिपाठी महाविद्यालय, सकरवारी (अम्बेडकरनगर) में आयोजित होंगी तथा कल्पना शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय हैदरगंज अयोध्या परीक्षा केन्द्र की परीक्षाएं राजा अखण्ड प्रताप महाविद्यालय, खपराडीह व रामसुचित सिंह सरस्वती महाविद्यालय, तारून अयोध्या में होगी। कुलपति के औचक निरीक्षण एवं सचल दल की रिपोर्ट के आधार पर अन्य कई परीक्षा केन्द्रों में भी परिवर्तन किया। एसडीजेपी महाविद्यालय उल्ला निजामपुर, कौलेश्वर सूर्यमती महाविद्यालय मोहनपुर गिलन्ट (अकबरपुर) तथा कर्नल जगन्नाथ सिंह महाविद्यालय, लोरपुर तजान (अकबरपुर, अम्बेडकरनगर) की परीक्षाएं अब भानमती स्मारक महाविद्यालय, अकबरपुर (अम्बेडकरनगर) केन्द्र पर आयोजित की जाएंगी। वहीं ग्रामोदय आश्रम पीजी कालेज वीरसिंह, सया अम्बेडकरनगर के छात्रों की परीक्षा रामसुचित सिंह सरस्वती महाविद्यालय, तारून अयोध्या में होगी। ये परिवर्तन 7 मई से प्रभावी होंगे। कुलपति ने निरीक्षण के दौरान सभी केन्द्राध्यक्षों को शासन की मंशा के अनुरूप नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त सचल दल ने कई अन्य केन्द्रों का भी औचक निरीक्षण किया। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 8.30 से 10.30 बजे तक, द्वितीय पाली की परीक्षा 11.30 से दोपहर 1.30 बजे तक तथा तृतीय पाली की परीक्षा 2.30 से 4.30 बजे तक सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में सकुशल सम्पन्न हुई। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह ने बताया कि औचक निरीक्षण के दौरान अम्बेडकरनगर के विभिन्न केन्द्रों पर लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि परीक्षा को सुचारु रूप से सम्पन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय के कंट्रोल रूम से सभी केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरों की निगरानी की जा रही है। स्नातक एवं परास्नातक सम सेमेस्टर परीक्षा में कुल 5,36,704 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं, जिनके लिए पांच जनपदों में 472 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन हेतु 19 नोडल केन्द्र निर्धारित किए गए हैं।

# हेलमेट लगाओ जान बचाओ - पवन पाण्डेय

प्रयागराज ।एंटी क्राइम एंटी करप्शन के सहयोग से,सेवा समिति विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रांगण में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य, प्रवक्तागण एवं सहयोगियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह कार्यक्रम एंटी क्राइम एंटी करप्शन अभियान के अंतर्गत संचालित किया गया, जिसमें यातायात इंस्पेक्टर पवन कुमार पाण्डेय का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम की संयोजिका प्रोफेसर डॉ. अंशु अग्रवाल के कुशल निर्देशन में महिला टीम द्वारा निरंतर विद्यालयों, कॉलेजों एवं प्रमुख चौराहों पर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर बच्चों एवं आमजन को सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण नियमोंकृजैसे हेलमेट पहनना, ट्रैफिक नियमों का पालन करना एवं सतर्कता से वाहन चलानाकृके बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।




राष्ट्रीय सचिव अवधेश निषाद जी ने बच्चों को एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य केवल नियमों की जानकारी देना नहीं, बल्कि उन दुर्घटनाओं को रोकना है जो अक्सर लापरवाही के कारण "चलती–फिरती मौत" का रूप ले लेती हैं।

राष्ट्रीय सचिव विमल गुप्ता ने जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने के प्रयासों पर प्रकाश डाला तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले विशेष रूप से यातायात इंस्पेक्टर पवन पाण्डेय का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने प्रेरणादायक शब्दों से बच्चों को दुर्घटनाओं से बचाव हेतु सजग किया। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. श्यामदेव ने कहा कि हमारा प्रयास निरंतर जनजागृति अभियान को आगे बढ़ाना है, जिससे अधिक से अधिक लोगों का जीवन सुरक्षित बनाया जा सके।

समाजसेवी नीतीश शुक्ला ने इस सफल आयोजन के लिए डॉ. अंशू अग्रवाल को बधाई दी तथा इलेक्टो होम्योपैथिक के निदेशक प्रमोद शुक्ला का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनकी गरिमामयी उपस्थिति से सामाजिक कार्यक्रमों को नई ऊर्जा और सफलता मिलती है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य भानु प्रकाश ने एंटी क्राइम एंटी करप्शन टीम का आभार व्यक्त करते हुए इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों को समय की आवश्यकता बताया।

अंत में, संस्था की ओर से टीम के सभी सक्रिय सदस्योंकृ रौशनी अग्रवाल (नगर मंत्री), बबीता केसरवानी (जिला सचिव), नेहा वैश्य (जिला महासचिव) मंडल अध्यक्ष,भाई तहसीन अहमद समाजसेवी राजकुमार केसरवानी जी, सभी पदाधिकारियोंकृका विशेष धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया, जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# बैटरी रिक्शा की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

सोहावल–अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी ड्योढ़ी बाजार क्षेत्र के श्रीराम बल्लभा इंटर कालेज के सामने साहब का पुरवा के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया |जिसमें तेज रफ्तार ई–रिक्शा की टक्कर से साइकिल सवार बेचूलाल पुत्र परमेश्वर दीन उम्र 40 वर्ष निवासी कोटडीह सरैया की मौत हो गई। बेचूलाल शहर अयोध्या में काम करता था और सोमवार शाम ड्यूटी से लौटकर घर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ई–रिक्शा ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया |सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए मंडलीय चिकित्सालय भेजवाया |वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया |चौकी प्रभारी देवेंद्र नाथ राय ने बताया कि हादसे के बाद ई–रिक्शा चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ई–रिक्शा को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी गयी है।

# हाई वोल्टेज लाइन की चपेट में आकर मौत

अयोध्या। जनपद के बीकापुर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को कपड़ा फैलाते समय एक शख्स छत के ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज लाइन की चपेट में आ गया। गंभीर हाल में जिला अस्पताल लाए जाने के बाद डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है। बताया गया कि बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के नंदा तिवारी का पुरवा में 50 वर्षीय करमराज चौहान पुत्र स्व राजाराम चौहान अपने घर के छत पर कपड़ा फैलाते समय ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज लाइन की चपेट में आ गया।

# हटाए गए कृषि विवि के प्रभारी सुरक्षा अधिकारी

मिल्कीपुर–अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज में अनवरत विवादों से घिरे विश्वविद्यालय के प्रभारी सुरक्षा अधिकारी डॉ विनोद कुमार सिंह को आखिरकार विश्वविद्यालय प्रशासन ने उन्हें सुरक्षा के अतिरिक्त प्रभार से हटा दिया है। उनके स्थान पर कृषि महाविद्यालय के बायोकेमेस्ट्री विभाग में तैनात सह प्राध्यापक डॉ रमेश प्रताप सिंह को उनके वर्तमान दायित्वों के अतिरिक्त वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सहित विश्वविद्यालय का प्रभारी सुरक्षा अधिकारी बनाया गया है। इस आशय का आदेश विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पी एस प्रमाणिक के अनुमोदनोपरांत विश्वविद्यालय के निदेशक प्रशासन एवं परिवीक्षण डॉ सुशांत श्रीवास्तव द्वारा जारी कर दिया गया है।

# जेष्ठ मास के पहले बड़े मंगल पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगल पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। हनुमानगढ़ी समेत सभी हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लग गईं और दर्शन–पूजन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। भक्त बजरंगबली से सुख–समृद्धि और सबके मंगल की कामना कर रहे हैं। मंदिरों में भजन–कीर्तन के साथ विशेष पूजा–अर्चना हो रही है, और "जय श्री राम" व "जय बजरंगबली" के जयकारों से पूरा धाम भक्तिमय हो उठा है। देशभर से श्रद्धालु अयोध्या धाम पहुंच रहे हैं।बता दे कि इस बार ज्येष्ठ माह दो हिस्सों में बंटा है, इसलिए कुल 8 मंगलवार पड़ेंगे। बीच में मल मास लगने से बड़े मंगल का क्रम कुछ समय के लिए थम जाएगा। गैस सिलेंडर की कमी के चलते इस बार भंडारे सीमित रहने की आशंका है, लेकिन श्रद्धालुओं का उत्साह जरा भी कम नहीं है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं।

# अलमारी के नीचे तहखाने में थी हथियार फैक्टरी, BCA छात्र समेत चार गिरफ्तार

मेरठ। मेरठ जिले में अवैध हथियार बनाने के एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। इंचौली थाना पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए खरदौनी गांव के जंगल में चल रही अवैध तमंचा फैक्टरी पकड़ ली। पुलिस ने मौके से फैक्टरी के मास्टरमाइंड इमरान समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह में एक बीसीए का छात्र भी शामिल था, जो मांग के अनुसार हथियारों की सप्लाई करता था।25 साल पहले भी चला चुका था हथियार फैक्टरीपुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी इमरान पुराना और शातिर अपराधी है। करीब 25 वर्ष पहले वर्ष 2000 में भी वह अवैध हथियार फैक्टरी चलाने के आरोप में जेल जा चुका है। जेल से बाहर आने के लंबे समय बाद उसने दोबारा अपना नेटवर्क तैयार किया और जंगल के बीच गुप्त तरीके से हथियार बनाने का काम शुरू कर दिया। पुलिस का कहना है कि गिरोह काफी समय से सक्रिय था और आसपास के राज्यों तक हथियार पहुंचा रहा था। जंगल में बने मकान में अलमारी के नीचे बने तहखाने में ये अवैध हथियार फैक्टरी चलाई जा रही थी।बीसीए छात्र भी निकला हथियार तस्करी में शामिल

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि इस गिरोह में शामिल 19 वर्षीय उमंग ठाकुर शहर के एक महाविद्यालय में बीसीए की पढ़ाई कर रहा है। पढ़ाई के साथ–साथ वह अवैध हथियारों की मांग मिलने पर उनकी आपूर्ति करता था। पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि उसने कुछ हथियार अपनी मौसी के घर पर छिपाकर रखे थे। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस उन हथियारों को बरामद करने की कोशिश कर रही है।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार बनाने का भारी मात्रा में सामान बरामद किया है। बरामद सामान में एक अधबना तमंचा और दो तैयार तमंचे मिले हैं। इसके अलावा 36 स्प्रिंग, 45 नाल और बारह बोर की नाल के कई टुकड़े भी बरामद हुए हैं। पुलिस को 115 स्प्रिंग केस भी मिले हैं। हथियार बनाने के लिए बाई, रिंच, पेचकस, प्लास, बेंच वाइस और छैनी जैसे उपकरण भी बरामद किए गए हैं। इसके अलावा 41 ड्रिल बिट, ग्राइंडर, वेल्डिंग रॉड, आरी और रेती भी मिली है। पुलिस ने एक वेल्डिंग मशीन और दो प्रकार की खराद मशीन भी जब्त की है।चार हजार में बनता, छह हजार में बिकता था तमंचा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में इमरान हथियार बनाने का काम करता था। दौराला निवासी कुलदीप मुख्य आपूर्तिकर्ता था, जबकि नरेंद्र बीच की कड़ी के रूप में काम करता था। पुलिस के अनुसार आरोपी करीब चार हजार रुपये में तमंचा तैयार करते थे और फिर उसे छह हजार रुपये तक में बेच देते थे।

यह गिरोह पंजाब, हरियाणा और आसपास के जिलों में अवैध हथियारों की तस्करी करता था।पुलिस अधीक्षक देहात अभिजीत कुमार ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। साथ ही इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा रही है और जल्द ही और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

# हस्तिनापुर में स्कूल बस में लगी आग, चालक की सूझबूझ से बच्चों की जान बची

मेरठ। हस्तिनापुर कस्बे में बुधवार सुबह उस समय अफरातफरी मच गई जब बच्चों को लेकर स्कूल जा रही हस्तिनापुर पब्लिक स्कूल की बस में अचानक आग लग गई। चालक की सतर्कता और स्थानीय लोगों की मदद से सभी बच्चों को समय रहते बस से बाहर निकाल लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

थाने के पास बस से निकलने लगा धुआं

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस जैसे ही गणेशपुर मार्ग पर थाने के पास अनाज मंडी के करीब पहुंची, तभी उसमें से अचानक धुआं निकलने लगा। स्थिति को भांपते हुए चालक ने तुरंत बस रोक दी और बच्चों को तेजी से नीचे उतारना शुरू कर दिया। आसपास मौजूद लोगों ने भी मदद करते हुए सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बताया गया है कि बस में एक दर्जन से अधिक बच्चे सवार थे। बच्चों के उतरते ही भड़क उठी आगबच्चों को उतारने के कुछ ही देर बाद बस में आग ने विकराल रूप ले लिया और चारों ओर धुआं फैल गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास किया और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।शॉर्ट सर्किट की आशंकास्थानीय लोगों के मुताबिक बस सीएनजी से संचालित थी, ऐसे में आग लगने की घटना गंभीर रूप ले सकती थी। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। जिस बस में आग लगी उसका रजिस्ट्रेशन नंबर न्च19ज 2040 बताया गया है, जो शामली जिले में पंजीकृत है और हस्तिनापुर क्षेत्र में संचालित हो रही थी।

बच्चों और परिजनों में दहशतघटना के बाद बस में सवार छोटे–छोटे बच्चे घबरा गए। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और बच्चों को सुरक्षित देखकर राहत की सांस ली।

# छह चरणों में आसानी से कर सकते हैं स्वगणना : डीएम

चित्रकूट। भारत की जनगणना 2027 अन्तर्गत जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा अगवत कराया गया है कि जनपद में सटीक, पारदर्शी, समयबद्ध एवं सुचारू रूप से क्रियान्वयन को प्रशासन कटिबद्ध है। इस संबंध में प्रकाश डालते हुए डीएम ने कहा कि इस बार सरकार द्वारा जनगणना पोर्टल पर स्वगणना सुविधा भी उपलब्ध करायी गयी है। पोर्टल स्वगणना पोर्टल दिनांक 7 से 21 मई तक 24 घण्टे खुला रहेगा। बताया गया कि कोई भी व्यक्ति पोर्टल पर 6 चरणों में आसानी से अपनी स्वगणना कर सकता है। जिसमें प्रथम चरण पर अपने मोबाइल, कम्प्यूटर से आधि ाकारिक जनगणना खोलें। पोर्टल, द्वितीय चरण में मोबाइल नम्बर के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करें एवं ओटीपी द्वारा लॉगिन करें। तृतीय चरण में अपने राज्य, जनपद (चित्रकूट) तथा लोकेशन को मैप पर चिन्हित करें। चतुर्थ चरण में परिवार एवं सभी सदस्यों से संबंधित प्रश्नों की सही एवं पूर्ण जानकारी भरें। पंचम चरण में भरी गयी जानकारी को जाँच करे तथा सुरक्षित रखे। छठवें चरण में प्रगणक के आगमन अपनी अनुमति प्रदान करें तथा सुनिश्चित करें कि स्वगणना डेटा जनगणना अभिलेख में सम्मिलित किया जाये। डीएम ने जनपद के समस्त नागरिकों, सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा शिक्षण संस्थाओं के छात्र, छात्राओं से स्वगणना अपनाये जाने की अपील की है।

# महिलाओं का एलान नोटिस का जवाब नोटिस से दे आवास विकास, जारी रहेगा धरना

मेरठ। सेटबैक के विरोध में गोल मंदिर रोड पर चल रहा शास्त्रीनगर सेक्टर तीन और चार की महिलाओं का धरना बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। महिलाओं का कहना है कि जब तक आवास विकास उन्हें लिखित में आश्वस्त नहीं करेगा कि उनके मकान पर कोई कार्यवाही नहीं होगी,




तब तक उनका धरना जारी रहेगा।गौरतलब है कि आवास विकास परिषद द्वारा सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर दुर्बल आय वर्ग के मकानों में भी सेटबैक छोड़े जाने के आदेश जारी किए गए हैं। जिसके चलते शास्त्रीनगर में दुर्बल आय वर्ग के कई ऐसे मकानों को नोटिस जारी किए गए हैं, जिनमें व्यापारिक प्रतिष्ठान संचालित थे। इसके विरोध में सेक्टर तीन और चार की महिलाएं मंगलवार से धरना देकर बैठी हैं। बुधवार को दूसरे दिन भी महिलाओं का धरना जारी रहा।धरने पर बैठी महिलाओं ने ऐलान किया कि जब तक आवास विकास अपने नोटिस के जवाब में उन्हें लिखित में यह आश्वस्त नहीं करता कि उनके मकान पर कोई कार्रवाई नहीं होगी, तब तक उनका धरना जारी रहेगा। उन्होंने स्थानीय विधायक पर भी अपनी उपेक्षा का आरोप लगाया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि उनकी सुनवाई नहीं हुई तो वह स्थानीय विधायक के घर के बाहर जाकर धरने पर बैठेंगी।

# यूटूबर शादाब जकाती के काम्प्लेक्स पर आवास विकास ने लगाई सील

मेरठ। मेरठ में हापुड़ रोड स्थित ग्रैंड स्क्वायर कॉम्प्लेक्स पर आवास विकास की टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया। बुधवार को हुई इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि यह कॉम्प्लेक्स यूट्यूबर शादाब जकाती का है, हालांकि प्रशासन की ओर से आधि ाकारिक रूप से स्वामित्व को लेकर अभी पुष्टि नहीं की गई है।आवास विकास की टीम ने की कार्रवाईजानकारी के अनुसार आवास विकास की टीम ने नियमों के उल्लंघन की शिकायत मिलने के बाद कॉम्प्लेक्स पर कार्रवाई की। टीम मौके पर पहुंची और जांच के बाद कॉम्प्लेक्स के मुख्य हिस्से पर सील लगा दी। कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोगों की भीड़ भी मौके पर जमा हो गई और पूरे क्षेत्र में इस कार्रवाई की चर्चा शुरू हो गई।यूट्यूबर से जुड़ने की चर्चास्थानीय स्तर पर चर्चा है कि यह कॉम्प्लेक्स यूट्यूबर शादाब जकाती से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। हालांकि प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। प्रशासन का कहना है कि नियमों के उल्लंघन या अनुमति से जुड़े मामलों की जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।आगे भी हो सकती है कार्रवाई सूत्रों के अनुसार संबंधित दस्तावेजों और निर्माण से जुड़े पहलुओं की जांच की जा रही है। यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो आगे भी प्रशासनिक कार्रवाई की जा सकती है।

# पानी की टंकी के पास मिला तीन दिन से लापता किशोर का शव, परिवार में कोहराम

मेरठ। देर रात लोहिया नगर थाना क्षेत्र में पानी की टंकी के पास एक किशोर का सड़ा–गला शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई। मृतक की जेब से बरामद हुए मोबाइल के जरिए उसकी पहचान कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले किशोर के रूप में हुई। मौके पर पहुंचे बताया कि किशोर पिछले तीन दिन से लापता था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।दरअसल, मंगलवार देर रात स्थानीय निवासियों ने काशीराम कॉलोनी में पानी की टंकी के पास एक किशोर का सड़ा–गला शव पड़ा देखा। जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने शव की जांच–पड़ताल की। मृतक की जेब से एक मोबाइल बरामद हुआ। मोबाइल में मिले नंबर पर कॉल करने पर मृतक की शिनाख्त कोतवाली थाना क्षेत्र में गुलमर्ग सिनेमा के बराबर वाली गली में रहने वाले 17 वर्षीय रजा के रूप में हुई। जिसके बाद पुलिस ने मृतक के शव को मोर्चरी भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। मोर्चरी पहुंचे रजा के पिता नईम ने बताया कि 17 साल का रजा सिलाई का काम करता था। तीन मई की रात करीब 9रू30 बजे वह घर से गया था। इसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# सिंचाई विभाग के जारी रोस्टर के अनुसार चालू होंगी नहरें

चित्रकूट। अधिशासी अभियंता सिंचाई निर्माण खंड कर्वी ने जानकारी देते हुए बताया कि डीएम पुलकित गर्ग के निर्देशों के क्रम में गुंता एवं रसिन नहर प्रणाली के अंतर्गत खरीफ 1434 फसली वर्ष 2026–27 के लिए नहर संचालन को रोस्टर सक्षम स्तर से अनुमोदित किया गया है। जिसमें रसिन बांध नहर प्रणाली के अंतर्गत दो मुख्य नहरें तथा चार माइनरों से 17 ग्रामों में 3635 .षक सिंचाई सुविधा से लाभान्वित होंगे तथा गुंता बांध नहर प्रणाली के अंतर्गत एक मुख्य नहर एवं 5 माइनरों से 45 ग्रामों के 17595 .षक सिंचाई सुविधा से लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि नदी जलाशय के पानी उपलब्ध होने पर नहरों को चलाया जाना प्रस्तावित है यदि किसी सप्ताह में अनुमानित की अपेक्षा जल उपलब्ध में कमी अथवा अधिकता होगी तो रोस्टर में आवश्यक संशोधन किया जा सकता है। रोस्टर में ऋतु परिवर्तन नदी जलाशय में वास्तविक जल उपलब्धता तथा सिंचाई की मांग को .ष्टिगत रखते हुए आवश्यक परिवर्तन किया जा सकता है। जिसके लिए किसी संभावित क्षतिपूर्ति पर विभाग उत्तरदाई नहीं होगा। रोस्टर में दर्शाई गई नहरों के चलने में किसी भी कारण से परिवर्तन होने से राजबहा माइनर के किसी भाग में पानी उपलब्ध न होने की दशा में उपभोक्ताओं की फसल की क्षतिपूर्ति के लिए सिंचाई विभाग उत्तरदाई नहीं होगा। गुंता बांध जलाशय में वर्तमान में 48 दिन का जल सिंचाई उपलब्ध है। 48 दिन के लिए नहर चलाया जाना प्रस्तावित है। इसके उपरांत वर्षा के माध यम से जल उपलब्ध होता है तो रोस्टर के अनुसार नहर चलाया जाना संभव होगा। 4 से 18 जून तक बांध खाली कर गेटों की ऑयलिंग ग्रीसिंग व उनके आंतरिक अन्य अनुरक्षण कार्य कराए जाएंगे तथा 13 जुलाई से इस प्रत्याशा में नहर चलाए जाने का प्रस्ताव है कि उक्त तिथि तक जलाशय में नहर चढ़ाए जाने योग्य पानी भर जाएगा। इसी प्रकार रसिन बांध नहर प्रणाली के अंतर्गत रसिन बांध जलाशय में वर्तमान में 104 दिन का जल सिंचाई के लिए उपलब्ध है। 104 दिन के लिए ही नहर चलाया जाना प्रस्तावित है। यदि इसके उपरांत वर्षा के माध्यम से जल उपलब्ध ा होता है तब रोस्टर के अनुसार नहर चलाया जाना संभव होगा। 5 से 15 जून तक बांध खाली कर गेटों की ऑयलिंग ग्रीसिंग व उनके आंतरिक अनुरक्षण कार्य कराए जाएंगे। ग्रीष्मकाल में जलाशय में पानी की उपलब्धता के आधार पर नहरों का संचालन कर पशुओं को पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। 17 जुलाई से इस प्रत्याशा में नहर चलाए जाने का प्रस्ताव है कि उक्त तिथि तक जलाशय में नहर चलाई जाने योग्य पानी भर जाएगा।

# चार लोगों ने युवक को पीटा, दी तहरीर

चित्रकूट। मुख्यालय के पुरानी बाजार भरतपुरी मोहल्ला निवासी ई रिक्शा चालक खुर्शीद पुत्र ताहिर ने बताया कि सोमवार की शाम को एक दुकानदार के नमक के बोरे शंकर बाजार से लादकर उसकी दुकान के पास उतारने पहुंचा। इस पर वहां मौजूद पड़ोसी दुकानदार व तीन अन्य युवकों ने बाहर सड़क पर नमक की बोरी रखने का विरोध किया। इस पर आपत्ति की तो चारों आरोपियों ने उसे पीटना शुरु कर दिया। इससे वह बेहोश हो गया। आसपास के लोगों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मंगलवार की सुबह होश आने पर उसने परिजनों को फोन से घटना की जानकारी दी। परिजनों ने कोतवाली में तहरीर दी। कोतवाल दुर्गविजय सिंह ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर मिली है। घायल का मेडीकल परीक्षण कराया गया है। जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# मेडिकल स्टोर के ताले काटकर हजारों की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ बदमाश

मेरठ। बुधवार को तड़के टीपी नगर थाना क्षेत्र में बदमाशों ने मेडिकल स्टोर के ताले काटकर गल्ले से हजारों का कैश चोरी कर लिया। सुबह दुकान खोलने पहुंचे व्यापारी ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद सीओ ब्रह्मपुरी ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच–पड़ताल की। वारदात को अंजाम देकर बाहर निकलता बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। जिसके आधार पर पुलिस घटना के जल्द खुलासे का दावा कर रही है।

शिवपुरम निवासी विनेश कुमार ने बताया कि उनका शिवपुरम में बाग के कोने पर वंशिका मेडिकल स्टोर है। विनेश के मुताबिक बुधवार की सुबह वह मेडिकल स्टोर खोलने पहुंचे तो देखा कि स्टोर के शटर पर लगे दोनों ताले कटे हुए थे। बदहवास विनेश ने दुकान का शटर उठाकर देखा तो दुकान का गल्ला भी टूटा मिला। गल्ले से 40 हजार का कैश गायब था। घटना की जानकारी मिलने के बाद व्यापारियों में आक्रोश फैल गया। सूचना के बाद सीओ ब्रह्मपुरी सौम्या अस्थाना और थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई तो मुंह पर कपड़ा लपेटे एक बदमाश ग्राइंडर हाथ में लेकर सुबह करीब 3रू45 पर मार्केट में घूमता दिखाई दिया। विनेश ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ तहरीर दी है। वहीं, सीसीटीवी के आधार पर पुलिस घटना के जल्द खुलासे का दावा कर रही है।

# कानूनी सहायता के लिए विधिक सहायता हेल्प डेस्क स्थापित

चित्रकूट। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिरण की ओर से जिला कारागार में निरूद्ध बन्दियों के हितार्थ विधिक सहायता डेस्क स्थापित की गयी है। इस पहल का उद्देश्य मुलाकातियों को उनके बन्दी परिजनों के मुकदमों की प्रगति, जमानत की स्थिति और अन्य कानूनी प्रक्रियाओं की सटीक जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव इला चौधरी ने बताया कि जेल में मुलाकात करने के लिए आने वाले बन्दियों के परिजनों खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के व्यक्ति कानूनी जानकारी के अभाव में परेशान रहते हैं। उन्हे यह भी पता नहीं होता कि उनके परिजन का मुकदमा किस स्तर पर है। अगली तारीख कब है या जमानत की प्रक्रिया क्या है, ऐसे में यह हेल्प डेस्क उनके लिये काफी सहायक सिद्ध होगा। विधिक सहायता डेस्क के माध्यम से मुलाकातियों को न केवल परिजन के मुकदमों की जानकारी दी जायेगी। बल्कि उन्हे उनके कानूनी अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया जायेगा।

# आंधी-बारिश से तबाही, कई पेड़ गिरने से राजमार्ग बाधित

चित्रकूट। मंगलवार की शाम तेज आंधी व बारिश के चलते कर्वी से खोह जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग–35 पर कई स्थानों पर बड़े पेड़ सड़क पर गिर गए। जिससे यातायात धीमा पड़ गया। वहीं बिजली के तार टूटने से कुछ इलाकों में विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गई। प्रशासन व संबंधि ात विभागों की टीमों द्वारा जेसीबी और कर्मचारियों की मदद से पेड़ों को हटाने का कार्य लगातार किया जा रहा है। खोह टर्न स्थित पेट्रोल पंप के पास यातायात विभाग द्वारा लगाए गए कई डिवाइडर तेज आंधी में उड़कर सड़क की दूसरी ओर जा गिरे, जिससे मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा। मानिकपुर से कर्वी संपर्क मार्ग पर भी कई जगह पेड़ गिरने से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रेहुटिया क्षेत्र के पास भी कई स्थानों पर पेड़ गिरने से यातायात प्रभावित रहा। वहीं भौरी और बगरेही इलाके में तेज आंधी और बारिश के साथ ओलावृष्टि होने की सूचना मिली है। अचानक बदले मौसम ने किसानों और ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है।

# रसोई गैस की किल्लत को लेकर तिरंगा गैस एजेंसी पर हंगामा, कालाबाजारी का आरोप

मेरठ। देशभर में एलपीजी संकट के दौरान बुधवार को हापुड़ अड्डा स्थित तिरंगा गैस एजेंसी पर जमकर हंगामा हुआ। स्थानीय पार्षद के साथ सैकड़ों ग्राहकों ने गैस एजेंसी पर धरना देते हुए एजेंसी के स्टाफ पर लेट लतीफी और सिलेंडरों की कालाबाजारी का आरोप लगाया।

मुस्लिम लीग से स्थानीय पार्षद रिजवान अंसारी के साथ तिरंगा गैस एजेंसी के सैकड़ों ग्राहक हापुड़ अड्डे पर सूर्या प्लाजा स्थित गैस एजेंसी पहुंचे। जहां गैस एजेंसी के संचालकों के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए स्थानीय पार्षद और ग्राहक जमीन पर धरना देकर बैठ गए। जानकारी के बाद पहुंची पुलिस के सामने स्थानीय पार्षद ने आरोप लगाया कि गैस एजेंसी पर महज दो लोगों का स्टाफ है। एजेंसी खुलने का समय सुबह 9रू00 बजे का है। लेकिन, स्टाफ के लोग 11रू00 बजे एजेंसी खोलते हैं। ग्राहकों को बुकिंग का डीएसी नंबर लेने के एक महीने के बाद भी गैस नहीं दी जा रही। गैस एजेंसी के कर्मचारी ग्राहकों की गैस की कालाबाजारी कर रहे हैं। विरोध करने पर ग्राहकों के साथ अभद्रता की जाती है।

# शिक्षामित्र सम्मान समारोह का देखा लाइव प्रसारण

चित्रकूट। योगीराज बाबा गंभीर नाथ प्रेक्षागृह एवं सांस्:तिक केंद्र गोरखपुर से महायोगी गुरु गोरखनाथ की नगरी में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश में संचालित प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत समस्त 1.43 लाख शिक्षामित्रों की मानदेय बढ़ोत्तरी (दस हजार से बढ़ाकर अठारह हजार प्रतिमाह) के उपलक्ष्य में शिक्षामित्र सम्मान समारोह का आयोजन मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। जिसका सीधा प्रसारण राज्य मंत्री जल शक्ति विभाग रामकेश निषाद, विध ाायक मऊ, मानिकपुर अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध यक्ष अशोक जाटव, जिलाधिकारी पुलकित गर्ग, मुख्य विकास अधि ाकारी डीपी पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, पूर्व राज्य मंत्री चंदिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, पूर्व विधायक आनंद शुक्ला, डीसीबी अध यक्ष पंकज अग्रवाल, जिला महामंत्री डॉ अश्विनी अवस्थी ने देखा।जल शक्ति मंत्री ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण की नींव रखने वाले शिक्षामित्र जो आगामी पीढ़ी को तैयार कर रहे हैं। चित्रकूट की तपोस्थली पर जहां भगवान राम ने लंबे समय तक वनवास काटा है उसका नाम पूरी दुनिया में लिया जाता है। उस क्षेत्र में अपनी सेवा दे रहे हैं। विकसित भारत में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्रों की मांग भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूर्ण कर ली गई है। 1999 की यात्रा 2026 में पूर्ण हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि कोरोना काल में भी शिक्षामित्रों ने घर घर जाकर बच्चों को पढ़ाया। कहा कि 2017 के बाद प्रदेश में अमूलचूल परिवर्तन हुआ है। एवं आपरेशन कायाकल्प के माध्यम से शिक्षा में परिवर्तन हुआ है जो शिक्षामित्र साक्षी हैं। उन्होंने कहा कि चाहे आंगनबाड़ी केंद्र हो या वाल वाटिका सभी में परिवर्तन हुआ है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में शिक्षामित्रों का योगदान सराहनीय है। विधायक मऊ मानिकपुर अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि शिक्षामित्रों का का सम्मान किया जा रहा है जो मेहनत से बच्चों को पढ़ा कर आगे बढ़ाते हैं। कहा कि बहुत से स्कूलों में बाउंड्रीवाल बनाने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अपने फंड से पैसा दिया है। कोई समस्या हो तो प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराएं। पूरा प्रयास रहेगा कि स्कूल में सभी व्यवस्था हो जाएं।

# अवैध गिट्टी परिवहन पर प्रशासन का शिकंजा, एसडीएम ने ट्रक पकड़े

चित्रकूट। शासन की मंशा के अनुरूप जिले में अवैध खनन और खनिज परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत एसडीएम अजय यादव ने गिट्टी से लदे ट्रकों को पकड़कर कोतवाली कर्वी और चौकी खोह पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।जानकारी के अनुसार, एसडीएम अजय यादव नियमित क्षेत्रीय निरीक्षण पर निकले थे। इसी दौरान उन्हें संदिग्ध हालात में गिट्टी ले जा रहे 6 ट्रक दिखाई दिए। ट्रकों को रोककर जब जांच की गई तो वे बिना वैध दस्तावेजों के खनिज का परिवहन करते पाए गए। खासतौर पर वाहनों के पास अनिवार्य एमएम–11 (माइनिंग ट्रांजिट पास) उपलब्ध नहीं था, जो खनिज परिवहन के लिए आवश्यक होता है।

एसडीएम अजय यादव ने बताया कि बिना एमएम–11 के खनिज का परिवहन पूरी तरह अवैध ा है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मौके पर ही सभी ट्रकों को कब्जे में लेकर संबंधित थानों को सौंप दिया, जहां आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने साफ तौर पर कहा है कि जिले में अवैध खनन और परिवहन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध खनन से जुड़े लोगों में भय का माहौल है। वहीं प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि आगे भी इस तरह के अभियान लगातार चलाए जाएंगे, ताकि अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

# व्यापारी के जीएसटी नंबर पर माल खरीद कर दोस्त ने लगाया लाखों का चूना

मेरठ। देहली गेट क्षेत्र में कपड़ों का कारोबार करने वाले एक व्यापारी ने ब्रह्मपुरी निवासी अपने दोस्त पर अपनी फर्म के जीएसटी नंबर लाखों का कपड़ा खरीद कर चूना लगाए जाने का आरोप लगाया है। एसएसपी ऑफिस पहुंचे पीड़ित का आरोप है कि जिन लोगों से कपड़ा खरीदा गया, वह उससे अपनी रकम मांग रहे हैं। अधिकारियों ने मामले में जांच के आदेश दिए हैं।वैली बाजार में राधा कृष्ण गारमेंट्स के नाम से कपड़ों का कारोबार करने वाले दीपक बंसल बुधवार को अपनी पत्नी के साथ एसएसपी ऑफिस पहुंचे। दीपक ने आरोप लगाया कि ब्रह्मपुरी के सरस्वती लोक में रहने वाले उनके कपड़ा कारोबारी दोस्त बंटी टंडन ने वर्ष 2022 में उनकी दुकान के बाहर लगे बोर्ड से जीएसटी नंबर चोरी कर लिया।बंटी टंडन ने दीपक की फर्म के नाम और जीएसटी नंबर पर दिल्ली के कई व्यापारियों से लगभग साढ़े तीन लाख का कपड़ा उधार लेकर दीपक की फर्म के नाम पर बिलिंग करा ली। इसके बाद उन व्यापारियों को पैसा नहीं दिया। वर्ष 2025 में बकाएदारों ने दीपक को नोटिस भेज कर अपना पैसा मांगा तो उन्हें अपने साथ हुई ठगी की जानकारी मिली। दीपक ने आरोपी बंटन के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

# आईपीएल 2026 में संजू सैमसन का तूफान, इरफान पठान बोले- ये बल्लेबाज अब अपने चरम पर है


पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स के लिए संजू सैमसन की 87′ रनों की मैच जिताने वाली पारी की सराहना की है। पठान के अनुसार, सैमसन इस समय अपने चरम पर हैं और उनकी खेल की समझ, विशेष रूप से गेंदबाजों को चुनने और मैच खत्म करने की क्षमता, उन्हें एक परिपक्व बल्लेबाज बनाती है।पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने बल्लेबाज संजू सैमसन की शानदार फॉर्म की तारीफ करते हुए कहा कि वह इस समय अपने चरम पर हैं। मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) पर मिली महत्वपूर्ण जीत में सैमसन की नाबाद 87 रनों की पारी का अहम योगदान रहा। 156 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके ने कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और उर्विल पटेल के विकेट जल्दी गंवा दिए। हालांकि, सैमसन ने 52 गेंदों में सात चौकों और छह छक्कों सहित 87′ रनों की शानदार पारी खेलकर लक्ष्य की ओर अग्रसर हुए। सैमसन का स्ट्राइक रेट 167.31 रहा। 20 वर्षीय कार्तिक शर्मा ने नाबाद 41 रन बनाकर सैमसन का बखूबी साथ दिया और दोनों ने मिलकर 114 रनों की मैच–विनिंग साझेदारी की, जिससे सीएसके ने आठ विकेट से 15 गेंद शेष रहते जीत हासिल कर ली।जियोस्टार पर बोलते हुए इरफान पठान ने संजू सैमसन की शानदार फॉर्म की तारीफ करते हुए उनकी खेल की गहरी समझ और गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक खेल खेलने और सावधानी बरतने की क्षमता की सराहना की। उदाहरण के लिए, डीसी के लुंगी एनगिडी का सम्मान करते हुए अन्य गेंदबाजों को निशाना बनाना। यह बिल्कुल स्पष्ट है कि किन गेंदबाजों को निशाना बनाना है और किनका सम्मान करना है।




उन्होंने चुनौतीपूर्ण पिचों पर मैच खत्म करने में सैमसन की बढ़ती परिपक्वता को भी उजागर किया और इसे एक सफल बल्लेबाज की पहचान बताया। पठान ने कहा कि संजू सैमसन इस समय अपने चरम पर हैं और उनकी खेल की समझ सबसे अलग है। उन्हें आपने देखा होगा कि लुंगी एनगिडी जैसे गेंदबाज के खिलाफ वह सतर्क थे, लेकिन जैसे ही कोई कम खतरनाक गेंदबाज आया, उन्होंने अपनी गति बदल दी और उसका फायदा उठाया। मैच की स्थिति को समझने की उनकी यह क्षमता लाजवाब है।

# 15 साल के वैभव सूर्यवंशी का आईपीएल खेलना बाल श्रम? राजस्थान रायल के खिलाफ एफआईआर की उठी मांग

कर्नाटक के एक सामाजिक कार्यकर्ता ने 15 वर्षीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को आईपीएल में खिलाने पर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बाल श्रम का आरोप लगाते हुए एफआईआर की ध् ामकी दी है, जिससे पेशेवर खेलों में नाबालिगों की भागीदारी को लेकर एक नई कानूनी और नैतिक बहस छिड़ गई है।क्या वैभव सूर्यवंशी आईपीएल में खेलकर बाल श्रम कर रहे हैं? अगर सभी लोग नहीं तो कम से कम कर्नाटक के सामाजिक कार्यकर्ता सीएम शिवकुमार नायक तो यही सोच रहे हैं। क्रिकेट जगत को चौंका देने वाले एक कदम में, नायक ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) प्रबंधन के खिलाफ औपचारिक एफआईआर दर्ज कराने की धमकी दी है, जिस टीम का प्रतिनिधित्व बिहार में जन्मे सूर्यवंशी करते हैं। उनका तर्क है कि एक नाबालिग को आईपीएल के उच्च दबाव वाले व्यावसायिक माहौल में रखना बाल अधिकारों और श्रम कानूनों का उल्लंघन है। कन्नड़ समाचार चौनल पर एक बहस के दौरान बोलते हुए, नायक ने खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने किशोर अभिनेता को लेने के फ्रेंचाइजी के फैसले को शोषण का एक रूप बताया। नायक ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स द्वारा वैभव सूर्यवंशी नामक इस 15 वर्षीय लड़के का शोषण किया जा रहा है। वह अभी बच्चा ही है और उसे आईपीएल जैसी पेशेवर लीग में लाया गया है। यह बाल श्रम के अलावा कुछ नहीं है। उसे इस कम उम्र में क्रिकेट खेलने के बजाय अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए और अपनी शिक्षा पूरी करनी चाहिए। कार्यकर्ता की मांग सीधी–सादी हैरू सूर्यवंशी की लीग में भागीदारी को तत्काल रोका जाए। उनका तर्क है कि किसी भी बच्चे को पेशेवर खेल की आड़ में अरबों डॉलर के उद्योग में काम नहीं करना चाहिए।वैभव का 15 साल की उम्र में आईपीएल में खेलना इस बात पर बहस छेड़ सकता है कि एक नाबालिग इतने पैसे वाले लीग में कैसे खेल रहा है। बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम के अनुसार, "यह अधिनियम 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को



किसी भी व्यवसाय या प्रक्रिया में काम करने या रोजगार देने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाता है, और 14 से 18 वर्ष की आयु के किशोरों को खतरनाक व्यवसायों और प्रक्रियाओं में काम करने से रोकता है। संशोधन में अध् िानियम के उल्लंघन के लिए नियोक्ताओं को कड़ी सजा देने का प्रावधान भी किया गया है और इसे संज्ञेय अपराध बनाया गया है।"लेकिन पेशेवर खेल पारंपरिक रूप से खतरनाक श्रम की श्रेणी में नहीं आते हैं। युवा खिलाड़ी अक्सर माता–पिता की सहमति से संरचित समझौतों के तहत काम करते हैं और विनियमित वातावरण में कार्यरत होते हैं। अतीत के सबसे बड़े उदाहरणों में से एक सचिन तेंदुलकर हैं, जो महानतम भारतीय क्रिकेटरों में से एक हैं। उन्होंने कराची में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच में 16 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था।

# आईपीएल 2026 प्लेऑफ का सस्पेंस खत्म! बीसीसीआई ने बताया कहां होंगे

बीसीसीआई ने आईपीएल 2026 प्लेऑफ का शेड्यूल जारी कर दिया है, जिसके तहत फाइनल 31 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। क्वालीफायर 1 धर्मशाला में, जबकि एलिमिनेटर और क्वालीफायर 2 के मुकाबले न्यू चंडीगढ़ में आयोजित होंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को आईपीएल प्लेऑफ का कार्यक्रम घोषित किया, जिसका फाइनल लगातार दूसरे सीजन में अहमदाबाद के प्रतिष्ठित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। क्वालीफायर 1 का मैच 26 मई को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में खेला जाएगा, जबकि एलिमिनेटर और क्वालीफायर 2 दोनों क्रमशः 27 और 29 मई को न्यू चंडीगढ़ के न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होंगे।टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 31 मई को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा, जो दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है और जिसने 2023 में आईपीएल फाइनल की मेजबानी भी की थी। लीग चरण के अंतिम दौर में प्रवेश करते ही शीर्ष चार स्थानों के लिए मुकाबला और भी कड़ा हो गया है, ऐसे में प्लेऑफ का कार्यक्रम जारी किया गया है। फिलहाल, तालिका में सबसे ऊपर पंजाब किंग्स 13 अंकों के साथ शीर्ष पर है, जबकि रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटन्स सभी 12 अंकों पर बराबरी पर हैं, जिससे प्लेऑफ की दौड़ काफी रोमांचक हो गई है।मूल रूप से फाइनल की मेजबानी बेंगलुरु को सौंपी गई थी। हालांकि, स्थानीय संघ और अधिकारियों की कुछ ऐसी आवश्यकताओं के कारण, जो बीसीसीआई के स्थापित दिशानिर्देशों और प्रोटोकॉल के दायरे से बाहर थीं, आयोजन स्थल को स्थानांतरित कर दिया गया है।क्वालीफायर 1 दृ 26 मई दृ एचपीसीए स्टेडियम, धर्मशालाएलिमिनेटर दृ 27 मई दृ न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यू चंडीगढ़क्वालीफायर 2 / 29 मई / न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यू चंडीगढ़ फाइनल दृ 31 मई / नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद




# संजय बांगर ने दोनों टीमों की समानताओं पर प्रकाश डाला, जिसमें मजबूत शीर्ष क्रम और 225 रन बनाने की क्षमत

आईपीएल 2026 में त्भ् बनाम च्ठज्ञ्ै मुकाबले से पहले, संजय बांगर ने दोनों टीमों की समानताओं पर प्रकाश डाला, जिसमें मजबूत शीर्ष क्रम और 225 रन बनाने की क्षमता शामिल है। उन्होंने मध्य ओवरों को दोनों की कमजोरी बताया और कहा कि हेनरिक क्लासेन तथा श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ी मैच के परिणाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय बांगर ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के बीच बहुप्रतीक्षित आईपीएल 2026 मुकाबले पर अपने विचार साझा करते हुए इसे चल रहे शरिवेंज वीकश के दौरान एक महत्वपूर्ण मैच बताया। पीबीकेएस फिलहाल आईपीएल 2026 की पॉइंट टेबल में नौ मैचों में 13 अंकों के साथ शीर्ष पर है, जिसमें से उसने छह मैच जीते हैं। वहीं, एसआरएच 10 मैचों में 12 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जिसमें उसने छह जीत और चार हार दर्ज की हैं।स्टार स्पोर्ट्स पर बोलते हुए, बंगर ने दोनों टीमों के बीच समानता पर जोर दिया और उच्च स्कोर बनाने की उनकी क्षमता को उजागर किया। जियोस्टार के विशेषज्ञ बंगर ने कहा कि दोनों टीमें लगभग 225 रन बनाने में सक्षम हैं और उनके बल्लेबाजों का संयोजन काफी हद तक एक जैसा है। दोनों टीमों का शीर्ष क्रम शानदार फॉर्म में है और उन्हें उच्च गुणवत्ता वाले तेज गेंदबाजों का समर्थन प्राप्त है, हालांकि मध्य ओवरों में दोनों ही टीमें कुछ कमजोर नजर आई हैं। बंगर ने एसआरएच के हेनरिक क्लासेन और पीबीकेएस के श्रेयस अय्यर जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को इस मैच में देखने लायक खिलाड़ी बताया। उनका मानना घ्है कि इन खिलाड़ियों का प्रदर्शन मैच के परिणाम के लिए महत्वपूर्ण होगा। बांगर ने कहा कि दोनों टीमें हालिया हार के बाद वापसी करने की कोशिश करेंगी, इसलिए यह एक रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है। व्यक्तिगत रूप से, मैं अपनी पूर्व टीम पंजाब किंग्स का समर्थन कर रहा हूं।इस बीच, मैच से पहले की प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, एसआरएच के मुख्य कोच डेनियल वेटोरी ने पीबीकेएस की हालिया हार और उनके सलामी जोड़ी की उनके प्रदर्शन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। वेटोरी ने बताया कि दोनों टीमों की आक्रामक बल्लेबाजी शैली में समानता है, जो उनकी पारियों की दिशा तय करती है। पीबीकेएस की दोनों हार में, उनकी सलामी जोड़ी जाहिर तौर पर कोई स्कोर नहीं बना पाई, इसलिए खेल को लेकर नजरिया बदल जाता है।




# क्वससंत हुआ पस्त, रुपया 61 पैसे चढ़कर मजबूत! ज्तनउच के प्तंद क्मंस से मिलेगी महंगाई से राहत?

ईरान के साथ अमेरिकी समझौते के संकेतों से ब्रेंट क्रूड की कीमतों में आई गिरावट के चलते रुपया डॉलर के मुकाबले 61 पैसे मजबूत होकर 94.57 पर बंद हुआ, वहीं आरबीआई की अप्रत्यक्ष रणनीति भी मुद्रा को समर्थन दे रही है।

रुपया बुधवार को 61 पैसे चढ़कर 94.57 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ संभावित समझौते के संकेत देने के बाद ब्रेंट क्रूड की कीमत टूटकर 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंचने से रुपया मजबूत हुआ है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपये पर पड़ रहे भारी दबाव को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मुद्रा को समर्थन देने के लिए सक्रिय रूप से एक 'अप्रत्यक्ष' रणनीति भी अपना रहा है।अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95 पर खुला। कारोबार के दौरान टूटकर 95.



18 प्रति डॉलर के निचले स्तर पर पहुंच गया। अंततः 94.57 (अस्थायी) पर बंद रहा जो पिछले बंद भाव से 61 पैसे की बढ़त है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.18 पर बंद हुआ था। सीआर फॉरेक्स एडवाइजर्स के प्रबंध निदेशक अमित पबारी ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक अपने विदेशी मुद्रा भंडार का सीधे उपयोग किए बिना मुद्रा को समर्थन देने के तरीकों की तलाश कर रहा है।पबारी ने कहा कि जिन विचारों पर चर्चा हो रही है उनमें से एक यह है कि सरकारी बैंकों को विदेशी मुद्रा बॉन्ड के माध्यम से धन जुटाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए जिससे प्रणाली में डॉलर का नया प्रवाह लाने में मदद मिल सकती है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.79 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 940.73 अंक चढ़कर 77,958.52 अंक जबकि निफ्टी 298.15 अंक की बढ़त के साथ 24,330.95 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 8.25 प्रतिशत गिरावट के साथ 100.81 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) मंगलवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने 3,621.58 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों को सुरक्षित निकालने के लिए चलाए जा रहे 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' को भी निलंबित कर दिया है।

# बीसीसीआई ने आईपीएल 2024 फाइनल का वेन्यू बेंगलुरु से अहमदाबाद स्थानांतरित

बीसीसीआई ने आईपीएल 2024 फाइनल का वेन्यू बेंगलुरु से अहमदाबाद स्थानांतरित कर दिया है, जो अब 31 मई को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। यह निर्णय स्थानीय संघ की मांगों और प्रोटोकॉल के मुद्दों के कारण लिया गया, जबकि प्लेऑफ के मैच धर्मशाला और न्यू चंडीगढ़ में आयोजित किए जाएंगे। बेंगलुरु के बजाय अहमदाबाद लगातार दूसरे सत्र में 31 मई को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल की मेजबानी करेगा, जबकि क्वालीफायर एक ध् ार्मशाला और दो अन्य प्लेऑफ मैच न्यू चंडीगढ़ में खेले जाएंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को यह घोषणा की। रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मौजूदा चौंपियन होने के कारण परंपरा के अनुसार फाइनल बेंगलुरु में खेला जाना था। पिछले साल के अलावा अहमदाबाद ने इससे पहले 2022 और 2023 में आईपीएल फाइनल की मेजबानी की थी। बीसीसीआई ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ''आईपीएल फाइनल की मेजबानी के लिए मूल रूप से बेंगलुरु को चुना गया था।लेकिन स्थानीय संघ और अधिकारियों की कुछ ऐसी मांगों के कारण जो बीसीसीआई के स्थापित दिशानिर्देशों और प्रोटोकॉल के दायरे से बाहर थीं, आयोजन स्थल को स्थानांतरित कर दिया



गया है।'' बोर्ड ने हालांकि कर्नाटक की राजधानी में फाइनल आयोजित करने के लिए की जा रही मांगों का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया है। बोर्ड ने यह भी कहा कि ''संचालन और लॉजिस्टिकल से जुड़े मसलों के कारण इस वर्ष प्लेऑफ चरण के मैच तीन स्थानों पर खेले जाएंगे।'' बीसीसीआई ने कहा, ''क्वालीफायर एक 26 मई को ध् ार्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में अंक तालिका में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें भाग लेंगी।इस मैच के विजेता को फाइनल में सीधा प्रवेश मिलेगा।।'' इसमें कहा गया है, ''इसके बाद मुकाबले न्यू चंडीगढ़ के न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होंगे, जहां तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच 27 मई को एलिमिनेटर मैच खेला जाएगा। इसी स्टेडियम में 29 मई को क्वालीफायर दो भी खेला जाएगा।'' धर्मशाला में पहली बार आईपीएल प्लेऑफ का कोई मैच खेला जाएगा। एलिमिनेटर में जीत दर्ज करने वाली टीम क्वालीफायर दो में क्वालीफायर एक में हारने वाली टीम का सामना करेगी। इस मैच की विजेता टीम फाइनल में पहुंचेगी। बीसीसीआई ने कहा, ''आईपीएल के मौजूदा सत्र का समापन 31 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ग्रैंड फाइनल के साथ होगा, जो दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है।''बीसीसीआई के सूत्रों ने बताया कि अहमदाबाद स्टेडियम को उसकी अधिक दर्शकों की क्षमता के कारण प्राथमिकता दी गई क्योंकि फाइनल के लिए अधिक संख्या में दर्शकों के आने की संभावना है। यह भी पता चला है कि एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की अपेक्षाकृत कम क्षमता को देखते हुए बोर्ड कर्नाटक सरकार के उस फैसले से सहमत नहीं है जिसमें राज्य के विधायकों, एमएलसी और सांसदों के लिए इस सत्र में आईपीएल के तीन–तीन मुफ्त टिकटों का कोटा निर्धारित किया गया है।एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की क्षमता लगभग 35,000 दर्शकों की है। पिछले साल आरसीबी के विजय समारोह के दौरान हुई भगदड़ में यहां 11 लोगों की जान चली गई थी।

# संजू सैमसन की तूफानी पारी, चेन्नई सुपरकिंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हराया

धीमी और गेंदबाजों की मददगार पिच पर संजू सैमसन की 52 गेंदों में 87 रन की नाबाद पारी के बूते चेन्नई सुपरकिंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स को 15 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हराया।

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के एक महत्वपूर्ण मुकाबले में मंगलवार को चेन्नई सुपरकिंग्स (ब्ैज्ञ) ने संजू सैमसन की आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स (क्ब्) को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ चेन्नई ने प्लेऑफ की रेस में खुद को बरकरार रखा है, जबकि दिल्ली की राह अब बेहद मुश्किल हो गई है। दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट पर 155 रन पर रोकने के बाद सुपरकिंग्स ने 17.3 ओवर में दो विकेट पर 159 रन बनाकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बनाए रखा।चेन्नई सुपरकिंग्स की यह 10 मैचों में पांचवीं जीत है और टीम तालिका में छठे स्थान पर बनी हुई है। दिल्ली कैपिटल्स इतने ही मैचों में छठी हार के बाद आठ अंकों के साथ सातवें स्थान पर है और प्लेऑफ में पहुंचने की उसकी उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। जिस पिच पर अन्य बल्लेबाज संघर्ष कर रहे थे, सैमसन ने वहां धाराप्रवाह बल्लेबाजी करते हुए सात चौके और छह छक्के लगाने के अलावा तीसरे विकेट के लिए युवा कार्तिक शर्मा (नाबाद 41) के साथ 66 गेंदों में 114 रन की अटूट साझेदारी की।पिछले मैच में नाबाद अर्धशतक जड़ने वाले कार्तिक ने 31 गेंदों की नाबाद पारी में चार चौके और दो छक्के लगा कर समझदारी से बल्लेबाजी की। दिल्ली कैपिटल्स के लिए कप्तान अक्षर पटेल और लुंगी एनगिडी ने एक–एक सफलता हासिल की। इससे पहले ट्रिस्टन स्टब्स (38) और समीर रिजवी (नाबाद 40) के बीच छठे विकेट के लिए 47 गेंदों में 65 रन की साझेदारी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने खराब शुरुआत से उबरते हुए सात विकेट पर 155 रन बनाए। दिल्ली कैपिटल्स ने 69 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे, लेकिन स्टब्स और रिजवी की साझेदारी के बाद आशुतोष शर्मा की पांच गेंदों में दो छक्के जड़ित 14 रन की पारी से धीमी पिच पर प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया।रिजवी ने 24 गेंदों की नाबाद पारी में चार छक्के लगाए, जबकि स्टब्स ने 31 गेंदों की पारी में एक चौका और दो छक्के जड़े। दिल्ली कैपिटल्स ने आखिरी पांच ओवरों में 58 रन जोड़े। इस बीच चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने शानदार लय में चल रहे जैमी ओवरटन से सिर्फ एक ओवर कराया, जिन्होंने 19वें ओवर में सिर्फ पांच रन खर्च कर स्टब्स को आउट किया। नूर अहमद ने तीन ओवर में 22 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि अकील हुसैन ने चार ओवर में 19 रन देकर एक सफलता हासिल की। गुरजपनीत और अंशुल कंबोज को भी एक–एक सफलता मिली, लेकिन कंबोज चार ओवर में 49 रन देकर सबसे महंगे गेंदबाज साबित हुए।लोकेश राहुल (12), पथुम निसंका (19), नीतिश राणा (15) और करुण नायर (13) ने क्रीज पर समय बिताने के बाद आसानी से विकेट गंवा दिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन ने दूसरे ओवर में अक्षर पटेल का स्वागत छक्के से किया, लेकिन स्टार्क के खिलाफ चौका जड़ने के बावजूद कप्तान रुतुराज गायकवाड़ रन बनाने के लिए संघर्ष करते दिखे। वह चौथे ओवर में बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में 13 गेंदों पर छह रन बनाने के बाद एनगिडी की गेंद पर रिजवी को कैच दे बैठे। क्रीज पर आए उर्विल पटेल (17) ने पावरप्ले की आखिरी दो गेंदों पर एनगिडी के खिलाफ छक्के जड़े, जिससे छह ओवर के बाद टीम ने एक विकेट पर 44 रन बनाए।उर्विल की पारी लंबी नहीं चली और अक्षर की गेंद पर राहुल ने शानदार तरीके से उन्हें स्टंप किया। सैमसन ने कुलदीप के खिलाफ डीप मिडविकेट के ऊपर से शानदार छक्का लगाकर आत्मविश्वास हासिल करने के बाद टी. नटराजन के पहले ओवर में दो चौके लगाए। पिछले मैच में नाबाद अर्धशतक जड़ने वाले कार्तिक शर्मा ने कुलदीप के खिलाफ कवर क्षेत्र के ऊपर से कमाल का छक्का लगाया।दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों ने रनों पर अंकुश लगाना शुरू किया था कि सैमसन ने कुलदीप के खिलाफ लगातार दो छक्के और एक चौका लगाकर महज 31 गेंदों में कार्तिक के साथ अध् ाशतकीय साझेदारी पूरी की। उन्होंने अगली गेंद पर एक रन चुराकर 32 गेंदों में अपना अध् ाशतक पूरा किया। पारी के इस 12वें ओवर से 18 रन आए। उन्होंने इसके बाद एनगिडी की धीमी गेंदों को रक्षात्मक तरीके से खेलने के बाद नटराजन के खिलाफ लगातार गेंदों पर दो छक्के और एक चौका लगाकर मैच पर सुपरकिंग्स की पकड़ मजबूत कर दी।कार्तिक शर्मा ने एनगिडी पर रचनात्मक चौका जड़ने के बाद स्टार्क के खिलाफ कवर क्षेत्र के ऊपर से शानदार चौका लगाकर सैमसन के साथ 61 गेंदों में शतकीय साझेदारी की। उन्होंने नटराजन के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर टीम को जीत दिला दी। पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद निसंका (19) ने हुसैन के खिलाफ दो चौके जड़ने के बाद चौथे ओवर में चौधरी की लगातार गेंदों पर चौका और लेग साइड में स्कूप शॉट पर छक्का लगाया।

# हान्टेड 3डी इकोज आफ द पास्ट का टीजर रिलीज, डर से उछलने पर मजबूर कर देगी विक्रम भट्ट की ये भूतिया फिल्म

विक्रम भट्ट की हॉरर फिल्म हॉन्टेड 3डी 2011 में रिलीज हुई थी, और अब मेकर्स ने इसके बहुप्रतीक्षित सीक्वल हॉन्टेड 3डी इकोज ऑफ द पास्ट का टीजर जारी कर दिया है. टीजर देखकर लगता है कि यह आपको डर से उछलने पर मजबूर कर देगा, लेकिन साथ ही अपनी कहानी से आपकी दिलचस्पी भी जगाएगा.

12 जून, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली फिल्म सीक्वल हॉन्टेड 3डी इकोज ऑफ द पास्ट ने अभी से ही काफी चर्चा बटोरना शुरू कर दिया है. इसे विक्रम भट्ट की वापसी के तौर पर देखा जा रहा है.

विक्रम भट्ट ने अपनी आगामी हॉरर फिल्म हॉन्टेड 3डी इकोज ऑफ द पास्ट का टीजर लॉन्च किया, जिसे उन्होंने इंस्टाग्राम पर भी अपलोड किया है. इस टीजर को साझा करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा है, हर प्रेत–बाधा का एक इतिहास होता है. हर चीख अपने साथ एक याद लिए होती है. और हर वो डरावनी कहानी, जिसका अंत बुरा हुआ हो– असल में, एक प्रेम कहानी ही होती है. इंतजार अब खत्म हुआ है. पेश है हॉन्टेड 3डी इकोज ऑफ द पास्ट ऑफिशियल टीजर. टीजर की शुरुआत मिमोह से होती है, जो किसी चीज की तलाश में एक महल के पास पहुंच जाता है. जैसे ही वे वहां पहुंचते हैं, महल में अजीबोगरीब घटनाएं घटने लगती हैं. इसके बाद लीड एक्ट्रेस चेतना नजर आती हैं. सीन काफी हद तक डरावने और रोंगटे खड़े कर देने वाले हैं, लेकिन टीजर किसी भी रहस्य का खुलासा नहीं करता. टीजर को लेकर ऑनलाइन मिली–जुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिली हैं. विक्रम भट्ट के खास अंदाज के फैंस उन्हें उस जॉनर में वापस लौटते देख काफी उत्साहित हैं, वहीं कुछ दर्शक इसे हॉरर की एक ऐसी पुरानी शैली की वापसी मान रहे हैं जो अब शायद पुरानी पड़ चुकी है. फिर भी, लोगों में इसे लेकर उत्सुकता जबरदस्त है, और हॉरर फिल्मों के शौकीन यह देखने के लिए बेताब हैं कि क्या यह फिल्म पुरानी यादों और नएपन के बीच सही तालमेल बिठा पाएगी.

रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में नए एक्सपेरिमेंट किए गए हैं. इसमें 3डी टेक्नोलॉजी में सबसे नए डेवलपमेंट का इस्तेमाल किया गया है. उम्मीद है कि यह फिल्म ज्यादा इंटेंस और इमर्सिव हॉरर एक्सपीरियंस देगी. मिथुन चक्रवर्ती के बेटे, मिमोह चक्रवर्ती मुख्य भूमिका में वापसी करेंगे. हेमंत पांडे, गौरव बाजपेयी, प्रणीत भट्ट, चेतना पांडे और श्रुति प्रकाश भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे. इसका निर्देशन आनंद पंडित और राकेश जुनेजा ने किया है. जबकि इस फिल्म का निर्माण प्रोमोएज मीडिया प्राइवेट लिमिटेड ने किया है.





# बाबी देओल की फिल्म बंदर को मिली नई रिलीज तारीख, अब दुनियाभर में मचेगा तहलका

बॉबी देओल की बहुप्रतीक्षित फिल्म बंदर को आखिरी वक्त पर फिर बदलाव का मुंह देखना पड़ा है। इसी साल फरवरी में अभिनेता ने कई साल से अटकी पड़ी इस फिल्म की रिलीज तारीख का ऐलान किया था। उन्होंने पोस्ट में बताया था कि अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित यह फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों का रुख करेगी। हालांकि अब खुद निर्देशक ने इसकी नई रिलीज तारीख का खुलासा किया है और बताया है कि बंदर को वर्ल्डवाइड रिलीज किया जाएगा।निर्देशक ने आधिकारिक तौर पर ऐलान कर दिया है कि फिल्म बंदर 5 जून को विश्वभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दिलचस्प बात यह है कि साउथ सुपरस्टार यश अपनी बहुचर्चित फिल्म टॉक्सिक को 4 जून को लेकर आ रहे हैं। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर दोनों फिल्मों का जबरदस्त क्लैश होने की संभावना है। बंदर का निर्माण निखिल द्विवेदी ने किया है, जबकि पटकथा पाताल लोक और कोहरा के लिए चर्चित सुदीप शर्मा और अभिषेक बनर्जी ने लिखी है। फिल्म की शानदार कास्ट में सान्या मल्होत्रा, राज बी शेट्टी, जितेंद्र जोशी, सपना पब्बी, इंद्रजीत सुकुमारन, रिद्धि सेन, सबा आजाद और नागेश भोसले जैसे सितारे शामिल हैं। एनिमल जैसी फिल्मों में दमदार प्रदर्शन करने के बाद, बॉबी इस इंटेंस ड्रामा में मुख्य किरदार के साथ लौट रहे हैं। इसकी कहानी एक टीवी सितारे के इर्द–गिर्द घूमती है, जिसकी सफल जिंदगी में उस वक्त घना अंधेरा छा जाता है, जब उसकी ही प्रेमिका उस पर आरोप लगाती है।

# राजा शिवाजी का बाक्स आफिस पर रुतबा बरकरार, 4 दिनों में निकाला आधा बजट, एक दिन और भूत बंगला की कमाई में आई गिरावट

रितेश देशमुख की ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म राजा शिवाजी का क्रेज सिनेमाघरों में खूब देखने को मिल रहा है। फिल्म ने वीकेंड पर दोहरे आंकड़ों के साथ कलेक्शन किया था। कारोबारी दिनों में लौटकर इसने गिरावट के बावजूद अपने रुतबे को बरकरार रखा है। 4 दिनों के अंदर फिल्म ने अपने आधे बजट को पार कर लिया और आगे की राह पर चल चुकी है। वहीं जुनैद खान और साई पल्लवी की फिल्म एक दिन लाखों में सिमट गई है।



सैकनिल्क के मुताबिक, राजा शिवाजी ने चौथे दिन, यानी पहले सोमवार को 5.60 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसने पहले दिन 11.35 करोड़, दूसरे दिन 10.55 करोड़ और तीसरे दिन 12 करोड़ कमाए थे, जिसके बाद फिल्म की कुल कमाई 39.50 करोड़ रुपये हो गई है।

के मुताबिक, फिल्म का कुल बजट 75 करोड़ रुपये है और इस तरह फिल्म ने अपनी आधी लागत वसूल ली है। फिल्म में जेनेलिया डिसूजा, संजय दत्त और अभिषेक बच्चन जैसे सितारे भी हैं।

उधर जुनैद और साई की फिल्म एक दिन का हाल बॉक्स ऑफिस पर बेहाल होता नजर आ रहा है। कारोबारी दिनों में आते ही फिल्म की कमाई धड़ाम हो गई है। इसने चौथे दिन बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 20 लाख कमाए। फिल्म का कुल कारोबार अब तक 3.25 करोड़ रुपये हो सका है। वहीं अक्षय कुमार की हॉरर–कॉमेडी भूत बंगला ने 18वें दिन 1.75 करोड़ रुपये कमाए हैं। फिल्म की कुल कमाई 1,44.25 करोड़ रुपये हो गई है।

# मैं वापस आऊंगा से क्या कमाल है गाना रिलीज, दिलजीत दोसांझ और ए. आर. रहमान की जोड़ी ने जीता दिल

दिलजीत दोसांझ और ए. आर. रहमान की आवाज और संगीत से सजा नया गाना क्या कमाल है दर्शकों के बीच आ चुका है. यह खूबसूरत ट्रैक इम्तियाज अली की आगामी फिल्म श्मैं वापस आऊंगाश् का पहला गीत है, जो उम्मीद और प्रेम का संदेश लेकर आता है.

दो साल पहले फिल्म अमर सिंह चमकीला के जरिए जादू बिखेरने के बाद यह टीम एक बार फिर साथ आई है. इस बार उनके साथ गीतकार इरशाद कामिल भी हैं, जिनकी संवेदनशील लेखनी ने इस गाने को और गहराई दी है. श्क्या कमाल हैश् सिर्फ एक गाना नहीं, बल्कि एक एहसास है जो मुश्किल वक्त में भी उम्मीद की किरण दिखाता है. इम्तियाज अली की फिल्मों में संगीत हमेशा कहानी का अहम हिस्सा रहा है, और इस बार भी उन्होंने उसी परंपरा को आगे बढ़ाया है. क्या कमाल है एक सॉन्ग ऑफ होप के रूप में सामने आता है, जो विभाजन काल के दौर में भी जीवित रही मोहब्बत की कहानियों से प्रेरित है. आज के शोर–शराबे और अस्थिरता भरे माहौल में यह गीत हमें याद दिलाता है कि दुनिया में अभी भी प्यार, सुकून और अपनापन बाकी है.

इम्तियाज अली का कहना है आज के समय में जब दुनिया कई तरह के संकटों से गुजर रही है, यह गीत लोगों को सकारात्मकता और उम्मीद देने की कोशिश करता है। वहीं दिलजीत दोसांझ ने इस गाने को अपने दिल के बेहद करीब बताया. उनके मुताबिक, यह गीत आपको ठहरकर महसूस करने का मौका देता है बिना किसी बनावट के, पूरी ईमानदारी के साथ.

ए.आर रहमान ने भी इस सहयोग को एक निरंतर रचनात्मक संवाद बताया. उन्होंने कहा, इस फिल्म की थीम जुदाई और विस्थापन को ध्यान में रखते हुए ऐसा संगीत रचा गया है जो शांति और सुकून का अहसास कराए. उनके अनुसार, श्क्या कमाल हैश् उस खूबसूरती को दर्शाता है जिसे हम अक्सर दुनिया के शोर में नजरअंदाज कर देते हैं.गीतकार इरशाद कामिल ने इस गाने को एक सपना बताया है ऐसा सपना जिसमें न दर्द है, न डर. उनके शब्दों में, यह एक ऐसी दुनिया की कल्पना करता है जहां सिर्फ प्यार, शांति और उम्मीद हो.अब बात करते हैं म्यूजिक लेबल की. कुमार तौरानी ने कहा, हम टिप्स में मानते हैं कि संगीत भारतीय सिनेमा की धड़कन है. दिलजीत दोसांझ और ए.आर. रहमान का यह पहला ओरिजिनल कोलैबोरेशन, वह भी इम्तियाज अली की कहानी के साथ, श्क्या कमाल है को बेहद खास बनाता है. यह गाना श्रोताओं के दिलों से गहराई से जुड़ता है और खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक उनके साथ रहता है. यह हमारे उस प्रयास को दर्शाता है, जिसमें हम मिनींगफुल और आत्मीय संगीत दर्शकों तक पहुंचाना चाहते हैं.फिल्म मैं वापस आऊंगा में दिलजीत दोसांझ के साथ नसीरुद्दीन शाह, शरवरी वाघ और वेदांग रैना अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे. ।

# राजा शिवाजी में बड़ी बेगम के लिए विद्या बालन नहीं, अभिनेत्री तब्बू पहली पसंद

रितेश देशमुख द्वारा अभिनीत और निर्देशित पीरियड ड्रामा फिल्म राजा शिवाजी सिनेमाघरों में गदर काट रही है। छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित इस फिल्म में, विद्या बालन ने बीजापुर के सुल्तान मोहम्मद आदिल शाह की पत्नी बड़ी बेगम का किरदार निभाया है। हर बार की तरह अभिनेत्री अपने इस किरदार से भी दर्शकों की वाहवाही लूट रही हैं। ताजा जानकारी में पता चला है कि विद्या बड़ी बेगम के किरदार के लिए निर्माताओं की पहली पसंद नहीं थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, ताजुल मुखिदरात बड़ी साहिबा उर्फ बड़ी बेगम की भूमिका के लिए सबसे पहले तब्बू को प्रस्ताव दिया गया था। हालांकि तारीखों की समस्या के कारण उन्होंने प्रस्ताव को ठुकरा दिया। इसके बाद रितेश ने विद्या से संपर्क किया तो उन्होंने तुरंत हामी भर दी। ट्रेलर लॉन्च पर विद्या ने स्वीकारा भी था कि वह इतनी चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने का मौका नहीं छोड़ेंगी, खासकर जब फिल्म हिंदी और मराठी में रिलीज हो रही है। फिल्म में रितेश ने मराठा साम्राज्य और स्वराज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभाया है। उनके अलावा जेनेलिया डिसूजा, संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, फरदीन खान और भाग्यश्री जैसे सितारे इसका हिस्सा हैं। सलमान खान ने फिल्म में छोटा सा कैमियो करते हुए चार चांद लगा दिया है। फैंस उनकी उपस्थिति से काफी खुश हैं। फिल्म हिंदवी स्वराज्य की स्थापना के लिए क्रूर अफजल खान के साथ छत्रपति के ऐतिहासिक संघर्ष पर आधारित है।




# इरफान खान की फिल्म द लास्ट टेनेंट 25 साल बाद हुई रिलीज, यूटूब पेज देख सकेंगे

बॉलीवुड के दिवंगत अभिनेता इरफान खान के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। उनकी करीब 25 साल पुरानी एक फिल्म को आखिरकार रिलीज कर दिया गया है, जिसका शीर्ष द लास्ट टेनेंट है। इसमें अभिनेता के साथ विद्या बालन मुख्य किरदार में नजर आईं हैं, जिन्होंने अपने करियर के शुरुआती दौर में इसमें काम किया था। फिल्म उस वक्त रिलीज नहीं हुई थी, लेकिन अब निर्माताओं ने इसे रिलीज करते हुए इरफान को श्रद्धांजलि दी है।साल 2000 में बनकर तैयार हुई फिल्म द लास्ट टेनेंट को द साल्ट इंक के यूट्यूब पेज पर रिलीज किया गया है। इस फिल्म को सार्थक दासगुप्ता ने लिखा और निर्देशित किया है, जबकि निर्माण उन्होंने नीना के साथ मिलकर किया है। इरफान की 6वीं पुण्यतिथि पर 29 अप्रैल को फिल्म रिलीज हुई, जिससे भिनेता के फैंस भी इमोशनल हो गए हैं। इस फिल्म में अभिनेता ने एक युवा लड़के का किरदार निभाया है। 2 दशक से भी ज्यादा समय पहले बनकर तैयार होने के बावजूद, द लास्ट टेनेंट को उस वक्त रिलीज नहीं किया जा सका था, क्योंकि इसका मूल फुटेज खो गया था। कई साल तक इस परियोजना पर ताला लग गया। बाद में निर्देशक को फिल्म का एक पुराना वीएचएस टेप मिला। इसके बाद उन्होंने फिल्म पर दोबारा से काम शुरू किया और आखिरकार इसे यूट्यूब पर रिलीज किया है। इसे अब तक 2 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं।



# 46 की उम्र में उर्वशी ढोलकिया का ग्लैमरस अंदाज, ब्लैक बिकिनी पहन बीच के किनारे दिए पोज

उर्वशी ढोलकिया भले ही इन दिनों छोटे पर्दे से दूर हों, लेकिन सोशल मीडिया पर वो काफी एक्टिव रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने ग्लैमरस अंदाज से फैंस का ध्यान खींचा, जहां वो बिकिनी में कॉन्फिडेंट होकर पोज देती नजर आईं. उर्वशी ढोलकिया ने हाल ही में इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी कुछ नई तस्वीरें शेयर की हैं. जिसमें एक्ट्रेस बेहद ही ग्लैमरस लुक में दिखी. इन फोटोज में उर्वशी ब्लैक एंड रेड बिकिनी पहने नजर आ रही हैं.



शॉर्ट हेयर्स सटल मेकअप में वो बला की हसीन दिख रही हैं. उर्वशी ने बिकिनी पहन अपने कातिलाना अंदाज से इंटरनेट पर कहर ढा दिया है, उनकी ये तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं. एक्ट्रेस की इन फोटोज को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं. कमेंट सेक्शन में हर कोई उनकी तारीफ करता दिखा. एक फैन ने लिखा, आप आज भी वैसी ही दिखती हैं. बता दें, एक्ट्रेस ने 6 साल की उम्र में चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में करियर शुरू किया था. 2001 में शो कसौटी जिंदगी की में विलेन कोमोलिका बसु का किरदार निभाकर वो घर–घर में मशहूर हो गईं.

# राम चरण की पेड्डी में शामिल हुई श्रुति हासन, डांस नंबर से जीतेंगी जनता का दिल

सुपरस्टार राम चरण की फिल्म पेड्डी का टीजर पहले ही फैंस की उत्सुकता को बढ़ा चुका है। कुछ दिन पहले निर्माताओं ने इसकी रिलीज तारीख का ऐलान भी कर दिया है। यह 4 जून को सिनेमाघरों में आएगी। ताजा जानकारी के अनुसार, फिल्म में श्रुति हासन को शामिल कर लिया गया है और उन्होंने शूटिंग भी शुरू कर दी है। हालांकि श्रुति किसी किरदार के लिए नहीं, बल्कि हाई–एनर्जी डांस नंबर के लिए फिल्म का हिस्सा बनी हैं।रिपोर्ट के मुताबिक, श्रुति को फिल्म वाराणसी के लिए संपर्क किए जाने की खबरों के बाद इस परियोजना में शामिल किया गया है, जो भारतीय सिनेमा में उनकी बढ़ती मांग और उपस्थिति को और दर्शाता है। अभिनेत्री गाने की शूटिंग कर रही हैं, जिससे पेड्डी में एक और रोमांचक तत्व जुड़ जाएगा। पहले से फिल्म के अन्य गाने चिकरी चिकरी और राय राय रा रा, अपने जोशीले संगीत और शानदार डांस के जरिए यूट्यूब पर धमाल मचा चुके हैं। बुची बाबू सना के निर्देशन में बनी फिल्म पेड्डी, राम चरण की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म है। इसकी कहानी 1980 के दशक के ग्रामीण आंध्र प्रदेश की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें अभिनेता एक पहलवान के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में उनकी जोड़ीदार के तौर पर जाह्नवी कपूर नजर आएंगी। वहीं शिव राजकुमार, जगपति बाबू और दिव्येंदु मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म में संगीत आस्कर विजेता एआर रहमान द्वारा दिया गया है।



हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।